* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 126

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## न्यूज रील्स

### सीयूजे के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी राष्ट्रपति

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में 28 फरवरी को भाग लेने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची आयेंगी। इसे लेकर तैयारी तेज कर दी गयी है। उनके कार्यक्रम को देखते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल और राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव मनीष रंजन को वरीय प्रभारी पदाधिकारी नामित किया गया है। मंत्रिमंडल समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### पेपर लीक के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कर दी गयी है। पेपर लीक होने का आरोप लगाकर पूरे प्रदेश में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। शनिवार को यूपी सरकार ने परीक्षा रद्द का फैसला लिया। परीक्षा फिर से 6 महीने में होगी। गौरतलब है कि 17 और 18 फरवरी को यूपी के 75 जिलों में परीक्षा हुई थी। इसमें 48 लाख छात्र शामिल हुए थे।

सीएम ने सरायकेला-खरसावां को 220 योजनाओं की दी सौगात

# छऊ नृत्य कला अकादमी का होगा गठन : चंपाई

● खरकई नदी पर मरीन ड्राइव का किया शिलान्यास, नगर भवन का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला- खरसावां।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य में छऊ नृत्य कला अकादमी का गठन किया जायेगा। सरायकेला-खरसावां जिले की पारंपरिक और ऐतिहासिक पहचान रही है। कला-संस्कृति के लिहाज से यह पूरा इलाका काफी समृद्ध है। यहां का छऊ नृत्य विश्व विख्यात है। यहां के कलाकार इस नृत्य कला को काफी आगे तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। हम विरासत में मिली अपनी कला और संस्कृति को और मजबूत करेंगे। वहीं, इस इलाके में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। ऐसे में इसे टूरिज्म हब बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिये गये हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को सरायकेला-खरसावां में विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड को एक ऐसा आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर व्यक्ति सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत होगा। हर किसी को पूरे मान- सम्मान के साथ हक-अधिकार मिलेगा। राज्यवासियों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। कोई भी बुजुर्ग बिना पेंशन के नहीं रहेगा। युवाओं के पास रोजगार होगा। हर खेत में सालों भर पानी रहेगा। किसान, मजदूर और महिलाएं सशक्त होंगी।

**220 योजनाओं की मिली सौगात :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरायकेला- खरसावां जिले को 220 योजनाओं की सौगात दी। इनमें 16 योजनाओं का उद्घाटन और 204 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी। इन योजनाओं पर 334 करोड़ 12 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। जिन महत्वपूर्ण योजना का शिलान्यास हुआ उसमें खरकई नदी पर मरीन ड्राइव शामिल है। इस अवसर पर सांसद गीता कोड़ा, विधायक दसरथ गगराई और सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे सेमेत अन्य अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।



### रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध हो, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक राज्य के हर व्यक्ति का अपना पक्का मकान होगा । हमारी सरकार अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख लोगों को पक्का मकान देगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के बुनायदी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। राज्य में लगभग 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हो रहा है। खेतों में पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचने की दिशा में कदम बढ़ गये हैं। शहर और गांव के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जाने, छात्रवृत्ति राशि बढ़ाने, सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना, गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना समेत सरकार की अम्य योजनाओं का जिक्र करते हुए इशके लाभ के बारे में बताया।

### बुनियादी समस्याओं का हो रहा समाधान

चंपाई ने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों के मामले में देश के सबसे धनी राज्यों में एक है। यहां के खनिजों से देश-दुनिया जगमग कर रहा है, लेकिन इस राज्य के आदिवासी-मूलवासी को लाभ नहीं मिल रहा। हमारी सरकार यहां के स्थानीय लोगों को आगे बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित है और इस दिशा में सभी समुचित कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 23 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन यहां की बुनियादी समस्याओं को दूर करने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं हुआ। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 2019 में सरकार बनने के बाद यहां की बुनियादी समस्याओं के समाधान का सिलसिला शुरू हुआ। उनकी सोच के अनुरूप झारखंड की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए हम पूरी ताकत के साथ काम करेंगे।

खाद्यान्न भंडारण योजना लांच, छत्तीसगढ़ को सौगात

# हर घर को 'सूर्य घर' बनाना है: मोदी

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रमों में शामिल हुए पीएम

अजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/ रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सोलर ऊर्जा के जरिए हम देश के हर घर को 'सूर्य घर' बनाना चाहते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से पूरी मदद मिलेगी। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बना कर बेचकर कमाई का एक और साधन देना चाहता है। इसी मकसद से हमने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। ये योजना अभी एक करोड़ परिवारों के लिए है। प्रधानमंत्री शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए छत्तीयसढ़ में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे थे। इससे पहले नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना लांच किया।

मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सरकार मदद देगी। सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेंगे। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी। ज्यादा बिजली होगी तो सरकार खरीदेगी। इससे परिवारों को हर साल हजारों रुपये की कमाई होगी। अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने पर भी फोकस है। सोलर पैनल को बंजर जमीन पर खेत के किनारे सोलर प्लांट बनाने की मदद दे रहे हैं। सारे फैसले दिखाते हैं कि भाजपा जो कहती है वो करती है। इसीलिए लोग कहते हैं कि मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी है।

मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस की सरकार होती तो आज भी 1 रुपये में से 15 पैसे ही जनता तक पहुंचते। कांग्रेस आज भी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच ही नहीं पाती। जो सिर्फ अपने परिवारों के लिए काम करते हैं, वो आपके परिवारों के बारे में कभी सोच नहीं सकते। जो सिर्फ अपने बेटे-बेटियों का भविष्य बनाने में जुटे हैं, वो आपके बेटे-बेटियों के भविष्य की चिंता नहीं कर सकते।

### 11 राज्यों में 11 एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी बनी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी अनाज भंडारण योजना के पायलट प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस स्कीम के तहत देशभर में अनाज स्टोरेज बनाये गये हैं। इसे 11 राज्यों की 11 प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी (पीएसीएस) में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत प्रधानमंत्री ने गोदामों और कृषि से जुड़ी अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए देशभर में अतिरिक्त 500 पीएसीएस की आधारशिला भी रखी। ये कार्यक्रम दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित किया गया था। पीएसीएस का मकसद गोदामों को खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के साथ निर्बाध रूप से एकीकृत करना और खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाना है। इस परियोजना का उद्देश्य पीएसीएस को नाबार्ड के साथ जोड़ कर उनका संचालन करना है। इस तरह करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को लाभ होगा।

### 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नये क्रिमिनल लॉ

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। तीन नये आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हो जायेंगे। सरकार ने शनिवार को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। यानी अब इंडियन पीनल कोड (आइपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जायेगा। हालांकि, हिट एंड रन केस का संबंधित प्रावधान तुरंत लागू नहीं होगा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटी, 24 की मौत

दुर्घटना में ज्यादातर महिलाएं-बच्चे शामिल, गंगा स्नान करने जा रहे थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**कासगंज।** उत्तरप्रदेश के कासगंज में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलटने से 24 लोगों की मौत हो गयी। ट्रॉली में 54 लोग सवार थे। बुलडोजर से रेस्क्यू कार्य किया गया। जानकारी के मुताबिक मरनेवालों की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि सभी लोग एटा के जैथरा के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा स्पीड की वजह से हुआ। ड्राइवर के कंट्रोल खोने से ट्रैक्टर सड़क से उतर कर तालाब में जा गिरा। ये लोग माघी पूर्णिमा पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से कासगंज स्थित कादरगंज घाट पर गंगा स्नान करने जा रहे थे, तभी रियावगंज पटियाली मार्ग पर गढ़ई गांव के पास हादसा हुआ। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन कर आस-पास के लोग पहुंचे। देखते-देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गये। 24 लोगों की मौत के बाद जैथरा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस-प्रशासन लगातार रेस्क्यू कार्य में लगा है। प्रशासन ने मृतकों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये तत्काल देने की घोषणा की है।




## मनमर्जी तबादला का मामला चुनाव आयोग पहुंचा

कल तक नियमानुसार ट्रांसफर कर प्रतिवेदन देने का निर्देश

आजदा सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में मनमाने तरीके से तबादले का मामला आयोग तक पहुंच गया है। आयोग के संज्ञान मे आने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने झारखंड के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव को शनिवार को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार आगामी लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पदाधिकारियों के स्थानांतरण, पदस्थापन के लिए आयोग ने दिशा-निर्देश दिया था। आयोग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि पदाधिकारियों का स्थानांतरण एक ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सीमावर्ती जिलों में किया गया है, जो स्थानांतरण नीति की मूल भावनाओं के प्रतिकूल है। प्रासंगिक पत्र के माध्यम से यह निर्देश दिया गया है कि जिन पदाधिकारियों का स्थानांतरण पूर्व में हुआ है, परंतु आयोग के निर्देश के अनुसार नहीं किया गया है, उनका स्थानांतरण उक्त के अनुरूप किया जाये। बता दें कि पदाधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन मुख्य सचिव-डीजीपी के स्तर से 26 फरवरी के अपराह्न 3 बजे तक आयोग को भेजा जाना है।

भारत-इंग्लैड मैचः चौथे टेस्ट का दूसरा दिन

## भारत अभी 134 रन से पीछे

इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाये 353 रन

खेल समाप्त होने तक भारत ने बनाये सात विकेट पर 219 रन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत अभी 134 रन से पीछे है। इंग्लैंड के 353 रन के जवाब में टीम इंडिया ने शनिवार को खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 7 विकेट पर 219 रन बना लिये हैं। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ध्रुव जुरेल 30 और कुलदीप यादव 17 रन पर नाबाद रहे। गौरतलब है कि पहले दिन का खेल समाप्त होने पर इंग्लैड के जो रूट 106 और ओलिवर राबिंसन 31 रन पर खेल रहे थे। दूसरे दिन दोनों बल्लेबाज क्रिज पर उतरे, लेकिन अपनी टीम के लिए बहुत अधिक रन नहीं बना सके। इंग्लिश टीम पहली पारी में 353 रन पर ऑलआउट हो गयी। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने 122 रन की शतकीय पारी खेली और वह नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा चार विकेट रवींद्र जडेजा ने लिये। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पारी शुरू की। भारतीय टीम की तरफ से केवल यशस्वी जायसवाल का बल्ला चला। उन्होंने 73 रन बनाये। इंग्लैंड की तरफ से स्पिनर शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिये। टीम इंडिया फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है।






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# कोडरमा में मुद्दों पर जातीय समीकरण भारी

## ■ रोजगार और विकास जैसे मुद्दों के शोर पर जातीय राजनीति हावी

## ■ लालखंड की पथरीली जमीन पर बाजी मार ले जाना नहीं है आसान

## ■ इस संसदीय क्षेत्र की अलग हैं समस्याएं और प्रत्याशियों से उम्मीदें भी

**आजाद सिपाही विशेष**

**इंसान की उम्मीदें कभी खत्म नहीं होतीं। एक पूरी हो, तो दूसरी ख्वाहिश जग जाती है। जब तक न पूरी हो, तब तक सबसे बड़ी परेशानी वही दिखती है। कोडरमा संसदीय क्षेत्र का भी कुछ यही अफसाना है। कोडरमा को वैसे तो झारखंड का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, लेकिन यह संसदीय क्षेत्र तीन जिलों कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग जिलों में फैला है। संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय गिरिडीह है, इसलिए अक्सर कोडरमा को लेकर भ्रम भी होता है। जो भी हो, कोडरमा संसदीय क्षेत्र में हर बार जातीय समीकरण दूसरे सभी मुद्दों पर भारी पड़ता रहा है। इस संसदीय क्षेत्र में अनुमानित तीन लाख यादव वोटर हैं, जो जीत-हार में लगभग निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा मुस्लिम ढाई से तीन लाख और भूमिहार के साथ अन्य सवर्ण वर्ग ढाई से तीन लाख। कहा जाता है कि कोडरमा को जातीय समीकरण के हथियार से ही जीता जा सकता है। इसलिए इस बार भी राजनीतिक दल इस समीकरण को साधने में जुटे हैं। वैसे कभी 'लालखंड' के रूप में चर्चित इस इलाके में कांग्रेस के साथ राजद और वामदल का प्रभाव तो दिखता है, लेकिन भाजपा की जमीन यहां सबसे ज्यादा मजबूत है। कोडरमा संसदीय सीट भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की कर्मभूमि है, इसलिए भी इसका खासा महत्व है। पार्टियों के बीच जातीय समीकरण साधने के लिए जोर-आजमाइश तो चल ही रही है, विकास और रोजगार जैसे मुद्दे भी चर्चा में हैं। क्या है कोडरमा संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक माहौल और क्या हो सकते हैं मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड का प्रवेश द्वार कहा जानेवाला कोडरमा राज्य के 14 संसदीय क्षेत्रों में से एक है। तीन जिलों में फैला हुआ छह विधानसभा क्षेत्रों वाले कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में एक कॉमन फैक्टर मोदी को छोड़ दिया जाये, तो सभी विधानसभा क्षेत्रों में मुद्दे, प्राथमिकताएं और मुकाबले की स्थिति बदल जाती है। ऐसे में बाहरी तौर पर माहौल भले ही चुनावी शोर वाली नहीं है, लेकिन भीतर से स्थिति कोल्डवार जैसी है। कोडरमा की स्थिति ऐसी है कि जो चीजें बाहरी तौर पर दिख रही हैं, वास्तविकता उतनी भर नहीं है। भितरखाने राजनीतिक खिचड़ी ज्यादा पक रही है।

### क्या है सियासी माहौल

कोडरमा संसदीय क्षेत्र में जारी सियासी विमर्शों में देश से लेकर इलाके की राजनीति में अपने समुदाय की भूमिका, भविष्य, उसमें हिस्सेदारी, मान-सम्मान, अपेक्षा, उपेक्षा तक की चर्चा होती है। कई बार एकमत नहीं होने पर विरोधाभास सामने आते हैं। मंथन का यह दौर हर समुदाय में शुरू हो गया है। एक दल विशेष से असंतुष्ट दो-तीन बड़े वोट बैंक की लाइन ही बहुत स्पष्ट है, जबकि अन्य बड़े वोट बैंक में विभाजन की स्थिति है। इसी को तोड़ने-समेटने में पार्टियां अपने-अपने स्तर से लगी हुई हैं। जाति के अनुसार नेताओं को उनके स्वजातीय लोगों के बीच लगाये जा रहे हैं। इधर, सत्ता के आकर्षण में एक छतरी के नीचे जुटे नेताओं की आकांक्षा, महत्वाकांक्षा, घात, भितरघात का खेल भी कौन सा गुल खिलायेगी, यह आनेवाले समय में ही पता चलेगा।

### कोडरमा का राजनीतिक इतिहास

कोडरमा को झारखंड का प्रवेशद्वार नाम से भी जाना जाता है। प्रशासनिक रूप से कोडरमा जिला शहरी क्षेत्र है, जिसकी पहचान कभी अभ्रक नगरी के रूप में होती थी। मजेदार बात यह है कि कोडरमा संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय गिरिडीह है। अंग्रेजों के शासन में आदिवासियों के विद्रोह का गवाह कोडरमा रहा है। यह इलाका नक्सल प्रभावित भी रहा है और उस दौरान इस इलाके को 'लालखंड' का नाम दिया गया था। इस लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं, जो तीन जिलों, कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग में हैं।




कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें, कोडरमा, बरकट्ठा, धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय आती हैं। इसमें जमुआ अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इनमें से तीन पर फिलहाल भाजपा का कब्जा है। कोडरमा और जमुआ में 2019 में भाजपा ने चुनाव जीता था। धनवार में बाबूलाल मरांडी 2019 में झाविमो से चुनाव जीत कर विधायक बने थे। फिलहाल वह भाजपा में हैं। वहीं बगोदर सीट भाकपा माले के कब्जे में है। बरकट्ठा में निर्दलीय विधायक अमित कुमार हैं, लेकिन उनकी भी पृष्ठभूमि भाजपा की ही रही है। गांडेय पर झामुमो का कब्जा है। इस तरह विधानसभा सीटों के हिसाब से देखा जाये तो भाजपा यहां काफी मजबूत स्थिति में है। कोडरमा में मतदाताओं की संख्या करीब 16.54 लाख थी। इनमें 8.88 लाख पुरुष और 7.66 लाख महिला मतदाता शामिल हैं।

### कोडरमा का चुनावी इतिहास

इस सीट पर पहली बार 1977 में चुनाव हुआ। पहले चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा जीते। 1980 में वह भाजपा के टिकट पर जीते। 1984 में कांग्रेस के तिलकधारी सिंह जीतने में कामयाब हुए। 1989 में भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा फिर जीते। 1991 में जनता दल के मुमताज अंसारी ने बाजी मारी। 1996 और 1998 का चुनाव भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा फिर जीतने में कामयाब हुए। 1999 में कांग्रेस के टिकट पर तिलकधारी सिंह जीते, तो 2004 में भाजपा के टिकट पर बाबूलाल मरांडी जीते। 2006 के उपचुनाव में वह बतौर निर्दलीय प्रत्याशी जीते। फिर 2009 में उन्होंने झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर कामयाबी हासिल की। 2014 में इस सीट से भाजपा के डॉ रविंद्र कुमार राय जीते। 2019 में भाजपा ने अन्नपूर्णा देवी को यहां से उतारा और वह कामयाब हुईं। उस चुनाव में भाजपा ने सीटिंग सांसद रविंद्र राय का टिकट काट कर अन्नपूर्णा देवी को राजद से लाकर टिकट दिया था। अन्नपूर्णा ने तब झाविमो प्रत्याशी रहे बाबूलाल मरांडी को साढ़े चार लाख से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। तीसरे नंबर पर भाकपा माले के राजकुमार यादव रहे थे।

### कोडरमा का जातीय समीकरण

कोडरमा संसदीय क्षेत्र का जातीय समीकरण कई बार अलग-अलग दलों की जीत का कारण बन चुका है। इसी समीकरण के बूते यह सीट एक समय भाजपा का गढ़ रहा। इस सीट से भाजपा के रीतलाल प्रसाद वर्मा इसी समीकरण के बूते छह बार जीते थे, जबकि एक बार अदालत से उनके पक्ष में निर्णय हुआ था। इस सीट पर कोयरी, वैश्य और अन्य पिछड़ी जातियों के वोटरों की किसी पार्टी के पक्ष में एकजुटता कई बार उनकी जीत का कारण बनी है। कोडरमा संसदीय सीट से पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार ज्यादातर अवधि में विजयी होते रहे हैं। इंदिरा गांधी की लहर में जब दूसरी सीटों से जनसंघ के दिग्गज नेता पराजित हो गये थे, उस समय भी रीतलाल प्रसाद वर्मा विजयी हुए थे। कोडरमा का भंडारो गांव भाजपा के 'गुरुकुल' के रूप में चर्चित रहा है। रीतलाल प्रसाद वर्मा के बड़े भाई जगदीश प्रसाद कुशवाहा को लोग भाजपा के भीष्म पितामह के रूप में जानते थे। उनके सान्निध्य में रीतलाल प्रसाद वर्मा चुनाव लड़ते थे और विजयी हुआ करते थे। कई अन्य नेताओं ने भी भंडारो से अपनी राजनीतिक शुरुआत की और बाद में अन्य स्थानों से विधायक बने।

**2019 का चुनाव परिणाम**

| नाम | पार्टी | कितने वोट मिले |
|---|---|---|
| अन्नपूणादेवी | भाजपा | 753016 |
| बाबूलाल मरांडी | झाविमो | 297416 |
| राजकुमार यादव | भाकपा माले | 68184 |

### 2024 के चुनाव की कैसी है तैयारी

कोडरमा लोकसभा सीट पर पार्टी और प्रत्याशियों ने 2024 की चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा इस बार भी यहां केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद अन्नपूर्णा देवी पर दांव खेलने के लिए तैयार है। भाकपा माले से पूर्व विधायक राजकुमार यादव भी चुनावी तैयारी में लग गये हैं। वहीं झामुमो से पूर्व विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा भी तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस ने भी कोडरमा सीट पर दावा किया है, लेकिन गठबंधन में सीट बंटवारे के वक्त जिसे यह सीट मिलेगी, वही यहां से चुनाव लड़ेगा। वैसे महागठबंधन में यहां सबसे मजबूत दावेदारी माले की है। राजकुमार यादव पिछला तीन लोकसभा चुनाव यहां से लड़ चुके हैं। 2009 और 14 में दूसरे नंबर पर रहे, जबकि 2019 में वह तीसरे नंबर पर रहे थे। कोडरमा में इस बार भाजपा की राह 2019 से मुकाबले आसान और विपक्षी पार्टियों की राह पिछली बार से कठिन दिख रही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि बाबूलाल मरांडी इस बार भाजपा में हैं। बाबूलाल की कोडरमा में अच्छी पकड़ है। 2004, 2006 और 2009 में वह यहां से जीतकर सांसद भी बने हैं। बाबूलाल के भाजपा में होने के कारण पार्टी इस बार यहां दोगुनी मजबूती के साथ उतरेगी। अन्नपूर्णा देवी की पकड़ भाजपा को और मजबूती देगी। वैसे भी अन्नपूर्णा देवी काफी शालीन और व्यवहार कुशल हैं।

---

# आइएएस भुवनेश प्रताप सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भुवनेश प्रताप सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जायेंगे। उन्हें केंद्र सरकार ने उप सचिव डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री एंड ट्रेड मंत्रालय के पद पर पदस्थापित किया है। इस संबंध में झारखंड सरकार को अधिसूचना भी भेजी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार कार्मिक विभाग झारखंड सोमवार तक उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में योगदान देने के लिए राज्य से विरमित भी कर देगा। बता दें कि भुवनेश प्रताप सिंह लंबे समय तक एड्स कंट्रोल सोसाइटी, समाज कल्याण सहित हजारीबाग जिले के डीसी सहित कई पदों पर रह चुके हैं। उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने का आवेदन दिया था।

# सुनील यादव की जमानत पर सुनवाई 1 मार्च को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपी सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी और इडी की ओर से बहस की गयी। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 1 को निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं, वे निराधार है। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है।

# चुनाव में हायर-डिटेंशन चार्ज में बढ़ोत्तरी की उठी मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश बस ऑनर्स एसोसिएशन ने चुनाव और सरकारी कार्यों में अधिग्रहित किये जाने वाले विभिन्न श्रेणी के बसों के लिए हायर और डिटेंशन चार्ज की दर में बढ़ोतरी करने की मांग सरकार से की है। इस संबंध में परिवहन सचिव झारखंड को पत्र लिखा गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि इस बारे में पूर्व में जो अधिसूचित दर है, उसके बाद से बस से संबंधित सभी सामाग्री में वृद्धि हुई है। इसलिए वर्तमान समय में परिवहन विभाग झारखंड सरकार द्वारा चुनाव, सरकारी कार्यों में अधिग्रहित विभिन्न श्रेणी के बसों के लिए हायर एंड डिटेंशन चार्ज की पूर्व में अधिसूचित दर में वृद्धि करना जरूरी है, ताकि बस संचालकों को कुछ राहत मिल सके।

---

## गिरिडीह में नशे का कारोबार

# एसपी की कार्रवाई से नशे के कारोबारियों में हड़कंप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने नेशनल हाइवे के किनारे एक ढाबा में छापेमारी की। अफीम के साथ ढाबे के संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी की कार्रवाई से नशे के सौदागरों में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि जिले के दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे के किनारे मादक पदार्थ की बिक्री होने की सूचना पर एसपी खुद पहुंच गये और बगोदर थाना इलाके के घाघरा साइंस कॉलेज के पास अवस्थित राजस्थानी तुलसी ढाबा में छापेमारी कर लगभग ढाई से तीन सौ ग्राम अफीम बरामद किया। इस मामले में होटल संचालक हजारीबाग के बरही थाना इलाके के दुधपनिया निवासी अशोक कुमार (पिता तुलसी प्रजापति) को गिरफ्तार कर लिया गया है।



बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को यह सूचना मिली थी कि जीटी रोड के किनारे स्थित होटल से अफीम, गांजा, शराब, ब्राउन सुगर की बिक्री हो रही है। यहां मिलने वाले मादक पदार्थ का सेवन करने के बाद चालक वाहन चलाते हैं। इस सूचना के बाद एसपी खुद ही होटल में आ पहुंचे। एसपी के साथ सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय कुमार, बगोदर थाना प्रभारी एसएस चौधरी, सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह दल-बल के साथ पहुंचे। यहां पूरे होटल में छानबीन की गयी, तो अफीम मिली। अब पुलिस यह पता कर रही है कि अफीम का सप्लायर कौन है। चतरा-खूंटी के अफीम तस्कर से किस तरह का संबंध है। पुलिस के अनुसार, होटल में छापेमारी के बाद यह पता चला कि गिरफ्तार संचालक के दिवंगत पिता भी अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी करते थे। ऐसे में गिरिडीह पुलिस की टीम बरही पुलिस से भी संपर्क की है। बरही से अशोक कुमार के संदर्भ में जानकारी इकठ्ठा की जा रही है। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ के अवैध कारोबार को चलने नहीं दिया जायेगा।

## दैनिक आजाद सिपाही में छपी खबर का असर

# पुलिस ने अवैध लॉटरी माफिया को किया गिरफ्तार

**39 लाख अवैध लॉटरी के साथ एक अरेस्ट, जेल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहिबगंज।** नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि नगर थाना क्षेत्र, उसके आसपास के थानों में अवैध लॉटरी का कारोबार किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी नगर थाना, आसपास थाना के द्वारा अवैध लॉटरी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कई लॉटरी कारोबारी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 23 फरवरी को पुलिस कप्तान कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि अवैध लॉटरी की एक भारी खेप साहिबगंज में लायी गयी। इस सूचना पर पुलिस कप्तान कुमार गौरव के द्वारा छापेमारी दल गठित कर कार्रवाई करते हुए नगर थाना अंतर्गत रसूलपुर दहला में मोहम्मद शाहरुख आलम उर्फ विक्की उर्फ एमएस खान की दुकान सह मकान में छापेमारी की। यहां से अवैध लॉटरी की बड़ी खेप बरामद हुई। इसमें अवैध लॉटरी कुल 28730 मिला है।


साहिबगंज में अवैध लॉटरी का खेल जोरों पर

सुनील कुमार गौतम

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। इन दिनों जिला में अवैध लॉटरी का खेल का खेल जोरों से चल रहा है। या कहे तो गोरख धंधा शहर में फलता फूलता हुआ दिखाई प्रतीत हो रहा है।स्वयं अपना पांव इस कदर फैला चुका है। कि शहर के हर गली मोहल्ले में चोरी छुपे यह गोरख धंधे का कारोबार चल रहा है।अवैध लॉटरी से जुड़ा सक्रिय गैंग घूम-घूम कर लोगों को लॉटरी उपलब्ध करा रहे हैं और खपा रहे है। इस कारोबार में सक्रिय गैंग को लॉटरी का कई बादशाह यह कहे कि जिसके सह में इस ... कर रहे है। शहर में अवैध लॉटरी का धंधा जोरों पर होने से के कारण गरीब तबके का लोग एवं नौजवान लखपति बनने की चक्कर में बर्बाद हो रहे है। सूत्र बताते हैं कि एक तरफ जहां अवैध लॉटरी का कारोबार चल ... बर्बाद हो रहे हैं।पुलिस अगर अभियान चला कर लॉटरी माफियाओं को पकड़ती भी है जेल भी भेजा जाता है।फिर भी इसके बावजूद भी नहीं थमता है।वह गोरख धंधा क्योंकि अवैध लॉटरी का कारोबार करने वाले ... सूत्र बताते है कि मिली भगत से ही ऐसे धंधे का कारोबार फल फूल रहा है। साथ ही अवैध लॉटरी कारोबारी अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं और शहर को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहे। अवैध लॉटरी के इस अवैध खेल में शहर के लोग लखपति बनने के चक्कर में अपनी गाढ़ी कमाई खपा रहे हैं। बताते चले कि शहर में अवैध लॉटरी के माध्यम से लोगो कि गाढ़ी कमाई इसमें खपा रहे है।मध्यम परिवार एवं गरीब परिवारों को लालच के माध्यम से कंगाल के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर देने वाला और कोई नहीं अच्छे खासे कुछ ...

इसकी कीमत करीब 38 लाख 52 हजार 650 रुपये है। इस संबंध में नगर थाना कांड संख्या 24/24 दिनांक 23 फरवरी 2024 धारा 419, 420, 467,468, 471,120 बी 34 भादवि और सात लॉटरी रेगुलेशन एक्ट अंकित किया गया।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस**

**नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ मुरली मनोहर सिंह, पंकज किशोर, जीतेंद्र कुमार पुलिस बल के जवान शामिल थे।**

गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया गया। इस कांप्रेंस में अमित कुमार गुप्ता ने आगे बताया कि अभियुक्त अवैध लॉटरी मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। बताते चलें दैनिक आजाद सिपाही में लॉटरी के कारोबार के खबर प्रमुखता से छपी थी। इसके बाद पुलिस हरकत में आयी और मामले का खुलासा हुआ।

# संत-महात्मा को भाजपा ने ही सम्मान दियाः बाबूलाल मरांडी

**महापुरुषों के विचारों पर चल कर ही समाज का भलाः दीपक प्रकाश**

**प्रदेश भाजपा कार्यालय में मना जयंती समारोह**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में संत गुरु रविदास, संत गाडगे बाबा माता सबरी, संत सुपन महराज की जयंती शनिवार को मनायी गयी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास की अध्यक्षता में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। महापुरुषों के जीवन-संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संत-महात्मा किसी जाति धर्म के नहीं होते हैं, वह सर्वतपुजनीय होते हैं। आज संत-महात्मा को यदि कोई सम्मान देने का काम कर रहा है, तो वह भाजपा है। उन्होने कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेदकर को भारत रत्न हो या पंच तीर्थ की बात हो या संत गुरु रविदास मंदिर या संत सुपन महराज कोरिडोर हो या संत गाडगे ग्राम स्वच्छता अभियान, यह सभी भाजपा के शासन में ही संभव हुआ। वही सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि इन महापुरुषों के विचारों पर चल कर ही समाज का भला हो सकता है।

एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने कहा कि ये संत समाज के मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज को प्रकाश देने का काम किया है। ये महापुरुष के विचार और कार्य आज भी याद किये जा रहे हैं। भाजपा सरकार इन महापुरुषों की सच्ची हितैषी है। संगठन महामंत्री करमवीर सिंह, सीमा पासवान, शिवधारी राम, नीरज पासवान, उपेंद्र रजक, योगेंद्र लाल आदि ने भी महपुरुषों के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में युवराज पासवान, नीरज नायक, राजीव लाल, राजु रजक, करन नायक, सत्येंद्र रजक, संजय रविदास, गोविंदा वाल्मीकि, राजेंद्र पासवान, संदीप कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन के संघर्ष को अनुभव कर गौरवान्वित हूंः कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सोशल मीडिया एकाउंट अब उनकी पत्नी कल्पना सोरेन हैंडल कर रही हैं। उन्होंने पति के ट्विटर एकाउंट एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट किया। कल्पना ने लिखा है कि पिछले 24 दिनों से अन्यायपूर्ण कारावास का सामना कर रहे हेमंत सोरेन के संघर्ष को अनुभव कर मैं गौरवान्वित हूं और दुःखी भी। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी दृढ़ता और सिद्धांतों से समझौता नहीं करने की उनकी हिम्मत के फलस्वरूप आज वे जेल में हैं।

कल्पना ने लिखा है कि बाबा साहेब के शब्द छीने हुए अधिकार भीख में नहीं मिलते, अधिकारों को वसूल करना पड़ता है, ने हेमंत को हमेशा प्रेरित किया है। राज्यवासियों की सेवा और उनके अधिकारों की रक्षा हेमंत की पहली प्राथमिकता रही है। परिवार और बच्चे उनके लिए बाद में आते हैं। बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष से हमें जो राज्य मिला, उसे संवारना और लोगों को हक-अधिकार दिलाना ही उन्होंने अपना सर्वस्व माना।

कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सामाजिक न्याय और अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करते रहे हैं। राज्यवासियों के अधिकारों को हासिल करने का उनका संकल्प मुझे उनकी आवाज को और गति देने के लिए प्रेरित करता है। उनकी यह संघर्षशीलता हमें सिखाती भी है कि हक-अधिकारों की रक्षा और उन्हें हासिल करना हमारा कर्तव्य है। यह न केवल अपने लिए, बल्कि समाज के उत्थान और समृद्धि के लिए भी। आज अन्याय के खिलाफ हेमंत लड़ रहे हैं। न्याय के लिए हमें यह लड़ाई मिल कर लड़नी और जीतनी है।

# एसके मिश्रा डीएवी झारखंड जोन के क्षेत्रीय अधिकारी बने



**अंग्रेजी शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ने की कोशिशः सहगल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नयी दिल्ली के सचिव अजय सहगल का स्वागत एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया।

श्री सहगल ने डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य-शिक्षकों और स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ मीटिंग की। इसमें डीएवी हेहल की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों पर मंथन किया गया। श्री सहगल ने विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि इनकी कार्यकुशलता, मेहनत को देखकर डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति ने प्राचार्य के साथ सात डीएवी विद्यालयों के प्रसाशनिक प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी है। अब एसके मिश्रा प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन का दायित्व भी निभायेंगे।

**इन्होंने प्राचार्य को दी बधाई**

प्राचार्य को नयी जिम्मेवारी मिलने पर डॉ पूनम सूरी, अजय सूरी, वी सिंह, निशा पेशिन, नानक चंद गर्ग, अजय सहगल ने बधाई दी। मौके पर एसएल गुप्ता, डॉ प्रकाश ऊरांव, अशोक भाटिया, एमके सिन्हा, एनएन श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद थे।

## राज्यपाल ने अमित शाह से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नयी दिल्ली में भेंट की। यह शिष्टाचार भेंट बतायी गयी है।



KIDZEE Bariatu
INDIA'S FAVOURITE PRE SCHOOL
ADMISSION OPEN
for Play Group Nursery, Jr. KG, Sr. KG
• 24/7 CCTV Surveillance • Child Sensitive Staffs
• Child Friendly Atmosphere • Well Educated Teachers
• Helping Children Excel in Academics & Extra Curricular Activities Since more than a decade
Call : 95702 80555
Krishnamurti Marg, Rani Bagan
Bariatu, Ranchi, JHARKHAND



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

झारखण्ड में स्वच्छ ऊर्जा, मोदी सरकार की गारंटी



"आज भारत 67 अरब डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है क्योंकि हम अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6% से बढ़ाकर 15% कर रहे हैं"
- नरेन्द्र मोदी

देवघर में सीजीडी के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उद्घाटन

मुख्य विशेषताएं
- संथाल परगना प्रमंडल का पीएनजी प्राप्त करने वाला पहला जिला।
- देवघर भौगोलिक क्षेत्र में 3 जिले, 6264 वर्ग किमी एरिया एवं 6 लाख से अधिक घर शामिल हैं।
- सीजीडी निवेश ₹303 करोड़।
- देवघर भौगोलिक क्षेत्र के अन्य जिलों में 6500 पीएनजी कनेक्शन दिए गए।
- 350 किमी एमडीपीई नेटवर्क विस्तार के जरिए 2027 तक संपूर्ण देवघर शहर के 30,000 परिवारों को पीएनजी कनेक्शन।

एवं

पीएनजी एवं सीएनजी के लिए गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में गैस नेटवर्क का शिलान्यास

मुख्य विशेषताएं
- गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में 6 जिले, 14507 वर्ग किमी एरिया एवं 14 लाख से अधिक घर शामिल हैं।
- परियोजना लागत ₹1750 करोड़।
- पाइप्ड नेचुरल गैस से गोड्डा, दुमका, पोड़ैयाहाट, शिकारीपाड़ा, वासुकिनाथ, महागामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और साहिबगंज जैसे क्षेत्र विशेष रूप से लाभान्वित।
- वाहनों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के लिए 100 सीएनजी स्टेशनों का निर्माण।

लाभ
- पाइप्ड नेचुरल गैस के जरिए झारखण्ड के स्थानीय लोगों, वाहनों और उद्योगों को निरंतर स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल, किफायती एवं सुरक्षित ईंधन की आपूर्ति।
- सीधे रसोई तक ईंधन की उपलब्धता से बेहतर अनुभव, समय और लागत में बचत।
- बिहार सहित झारखण्ड के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव।
- सामाजिक और आर्थिक विकास में बढ़ोतरी।
- क्षेत्रवासियों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर।

श्री हरदीप सिंह पुरी
केंद्रीय मंत्री–पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस व आवासन एवं शहरी कार्य
के कर–कमलों द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति
डॉ. निशिकांत दुबे
सांसद
श्री नारायण दास
विधायक, देवघर
श्री अमित कुमार मंडल
विधायक, गोड्डा

25 फरवरी, 2024 | देवघर



## पूजा-अर्चना कर मनायी गयी रैदास जयंती



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डहरभंगा और झरपो में शनिवार को रविदास समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना कर धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनायी। शनिवार सुबह संत रविदास की तस्वीर के सामने पूजा अर्चना और हवन किया गया। इस मौके पर झरपो में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया शिबू प्रसाद सोनी उपस्थित थे श्री सोनी ने जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को संवत्सर 1833 को हुआ था। कहा जाता है रविदास अपने जीवन काल में बड़े ही धार्मिक स्वभाव के थे। इस दौरान भी वे पारिवारिक तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह किया। संत रविदास ने समाज को बिना भेदभाव के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। मौके पर रामेश्वर राम, रामवृक्ष राम, बृजमोहन राम, संतोष राम, सुनिल राम, सुकेश राम सहित महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## प्रखंड रसोइया- संयोजिका संघ की बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया उच्च विद्यालय परिसर में रसोईया - संयोजिका का बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता उर्मिला देवी एवं संचालन किरण देवी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी शामिल हुई। बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालयों के रसोइया एवं संयोजिका शामिल हुई। बैठक का मुख्य उद्धेश्य अपनी पांच सुत्री मांग को लेकर विचार - विमर्श किया गया। संघ ने 3 मार्च को डेमोटांड स्थित हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा आवास का घेराव, सभी रसोईया एवं संयोजिका का स्थायी कर न्यूनतम मानदेय दिया जाये। साल में दो बार साडी, पांच लाख का निशुल्क बीमा तथा रसोइया को 60 वर्ष के बाद हटा दिया जा रहा है उसे बंद करने की मांग प्रदेश कोषाध्यक्ष अनीता देवी ने कही उपर्युक्त मांगों को लेकर 18 मार्च से हडताल पर जायेंगे। बैठक में मंजु देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, कविता देवी, किरण देवी, कांति देवी, मंगरी देवी समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## दस स्वास्थ्य संस्थानों का ऑनलाइन उद्घाटन

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड के दस स्वास्थ्य संस्थानों का ऑन लाइन उदघाटन करेंगे। कार्यक्रम का विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।यह जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने पत्रकारों की दी। उन्होंने सीएचसी की कई उपलब्धियां भी गिनाई।कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र प्रसव के मामले में अव्वल है।हर महीने सैकड़ों प्रसव यहां कराए जाते हैं।इनमें सामान्य प्रसव के साथ साथ सिजेरियन प्रसव भी शामिल है,कहा कि सामान्य प्रसव के बाद 1400 रुपये , वही सिजेरियन प्रसव के बाद 2200 रुपये दिए जाने का प्रावधान है।जन्म प्रमाण पत्र भी दिया जाता है।प्रसव के लिए खुद के वाहन से आने पर 250 रुपये मिलती है।ममता वाहन की भी सुविधा है।जिसके लिए 8102355544 पर फोन करने पर ममता वाहन तुरन्त उपलब्ध कराया जाता है।डॉ सिंह ने कहा क्षेत्र पोलियो मुक्त हो चुका है। अभी प्रखंड को टीबी मुक्त करने का अभियान तेजी चल रहा है।इसके लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित है, मगर विष्णुगढ़ सीएचसी इस लक्ष्य को चालू साल में ही प्राप्त कर लेगा।

## पेलावल विकास मंच ने थाना प्रभारी का स्वागत किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** पेलावल ओपी में पहली महिला थाना प्रभारी शाहिना प्रवीण को पदस्थापित किया गया। एक प्रकार से यह एक ऐतिहासिक बात ही कही जाएगी। इस बात को देखते हुए इस ओपी क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है-खासकर पेलावल व रोमी में।इसी बात को देखते हुए पेलावल विकास मंच द्वारा उन्हें स्वागत व शुभकामनाएं देने के ख्याल से बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वागत सह एक मांग पत्र भी सौंपा गया। रविवार को आयोजित 8वां रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कुछ समय निकालकर आने का एवं कुछ रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर हौसला अफजाई करने का भी आग्रह किया गया। उन्होंने कुछ समय देने का आश्वासन भी दी है। इस मौके पर मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम हक भारती,उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, मो.आदिल उपस्थित थे।

## धूमधाम के साथ मनायी गयी रैदास जयंती



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रखण्ड के दारू पंचायत के सुल्तानी हरिजन टोला,हरली पंचायत, जिनगा पंचायत, पुनाई पंचायत, कबिलासी पंचायत एवं सभी के विभिन्न टोला और मोहल्लो में संत शिरोमणि रैदास जी की 647वें जयंती धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया दारू पंचायत के सुल्तानी हरिजन टोला के शिवमंदिर में निर्धारित समयानुसार विधिवत पूजा अर्चना किया गया। साथ ही संत शिरोमणि रैदास जयंती के अवसर पर दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार और विशिष्ट ग्रामीणों के द्वारा केक काटा गया। ग्रामीणों के बीच खीर और खिचड़ी का महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस जयंती में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा उमंग व उत्साह देखने को मिला। एक - दूसरे को गुलाल व अबीर लगाकर खुशी का इजहार करते नजर आये। वही आकर्षक तरीके से सजावट किया गया था। पूरा इलाके में संत रैदास जयंती को लेकर चहलकदमी देखने को मिला। सुल्तानी हरिजन टोला में कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुए मुख्य अतिथि दारू पंचायत मुखिया सुनील कुमार ने कहा की हम सभी को संत शिरोमणी रैदास जी के बताये हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है सुल्तानी टोला से वार्ड सदस्य दिलीप राम, मंटू कुमार, करण कुमार, राजन कुमार, राजेश कुमार समेत अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# अपने घर-परिवार को चलाने के लिए शिक्षित होना जरूरी है : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा माता शबरी जयंती का किया आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन शिक्षक महावीर भुईयां एवं संजय भुईयां ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक महतो, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को उद्घाटन किया गया। सभी अतिथियों को फूल माला गुलदस्ता देकर कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अपने घर परिवार को अच्छी तरह से चालने के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है एवं अपने बच्चों को शिक्षा देने के लिए अपील किया।

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि माता शबरी हमारे जीवन के लिए एक आदर्श है। माता शबरी ने जो संदेश लोगों को दिया है वह सार्वजनिक जीवन में उतारे लाइक है। निश्चित रूप से हमारे जीवन के कार्य में विकास होगा हम सामाजिक राजनीतिक कार्य में हमेशा आपलोग के साथ जुड़ा रहूंगा।

प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि हमें सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनने की जरूरत है। क्योंकि राजनीतिक दलों ने हमें सिर्फ वोट बैंक समझा है, हम वोट बैंक में ना रहे ,बल्कि वोट लेने वाली लाइन में खड़े रहे। जिसके लिए हमें शिक्षा से जुड़ा रहना होगा। साथ ही साथ उन्होंने भुइयाँ समाज से आग्रह किया कि शराब छोड़ कर शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि माता शबरी ने अपने व्यवहार से भगवान श्री राम जी को प्रभावित किया। उन्होंने साबित कर दिया की धर्म,भक्ति और आस्था के लिए जात- पात नहीं , बल्कि सही कर्म होता है।

## राज्यपाल ने एनसीसी कैडट्स को किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** डिवाइन पब्लिक स्कूल के 3 एनसीसी कैडेट्स को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। जानकारी हो कि दिल्ली मे आयोजित गणतंत्र दिवस के अवसर पर डिवाइन पब्लिक स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स भाग लिया। भाग लेने वाले छात्र करण कुमार, हिमांशु टुडू और प्रिंस चौधरी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए आज इस मुकाम को हासिल किया। राज्यपाल ने कहा की हमारे कैडेट्स ने प्रतिनिधित्व कर अपनी मेहनत और समर्पण से राज्य का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा की एनसीसी विविध गतिविधियों के माध्यम से युवाओ को दिशा देने मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। इस सम्मान को प्राप्त कर विद्यालय लौटने पर विद्यालय के निदेशक डॉ इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बच्चों का स्वागत किया और उन्होंने कहा की एन सी सी युवाओ के लिए व्यक्तित्व को विकास करने और देश की प्रगति मे योगदान देने का एक उत्कृष्ट संगठन है। अपने विचारों को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने ये भी की एक अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन मे सफलता प्राप्त कर सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति ने कहा कि मैं अपनी युवा पीढ़ी से अपील करती हूं कि लोगों की आवयकताओं को ध्यान में रखते हुए समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान हेतु आप कार्य करें। आज राष्ट्र के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं।

## ग्राम जल और स्वच्छता समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवारा।** जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कोडरमा के द्वारा एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरसेंट रांची के तहत चंदवारा पश्चिमी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चंदवारा पश्चिमी पंचायत भवन में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने किया। उनके द्वारा जल जीवन मिशन एवं ऑडिएफ प्लस पर प्रतिभागियों को जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण राजेश कुमार एवं उपेंद्र कुमार के द्वारा दिया गया। जिसमे जल जीवन मिशन का उद्देश्य,ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कार्य,दायित्वरख,रख रखाव एवं संचालन,घर-घर जल का प्रोटोकॉल,ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी,जलगुणवत्ता का परीक्षण साथ ही ओडीएफ प्लस के बारे में बताया गया। मौके पर जल सहिया प्रियंका देवी, कुसुम देवी, संगीता शर्मा, रीता देवी, सोनी कुमारी, ममता देवी, पुष्पा देवी, अनिल कुमार एवं सभी ग्राम जल स्वच्छता समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## त्रिवेणी की सुरक्षा अकादमी से पासिंग आउट परेड कर लौटे विस्थापित युवक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** एनटीपीसी की खनन परियोजना पकरी बरवाडीह विस्थापित क्षेत्र के प्रभावित युवकों के दो बैचों का ओडिशा के त्रिवेणी इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी अकादमी में ट्रेनिंग लेने और पासिंग आउट परेड से वापस लौटने के बाद कंपनी की सुरक्षा में ढाल बनकर उतर गये हैं। कंपनी में सुरक्षाकर्मी के तौर पर तैनात होने से पहले 24 फरवरी को खदान स्थित व्यू प्वाइंट में एक सादे समारोह में डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। आज से सभी 62 जवान सुरक्षा बेड़े में शामिल हो गये। एक बेहतरीन संस्थान से उच्चस्तरीय ट्रेनिंग लेकर वापस लौटने के बाद सभी युवकों के चेहरे पर गजब का उत्साह और आत्मविश्वास झलक रहा था। मौके पर मौजूद टीएसएमपीएल के डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़ ने सभी नवनियुक्त सुरक्षा गार्डों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में अपने कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी सैनिक प्रबंधन हर मौके पर पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के विस्थापित परिवारों के साथ खड़ी है। इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक बिमल कुमार सिन्हा एचआर, प्रशांत कुमार दास जीएम (लर्निंग एंड डेवलपमेंट), डीजीएम एचआर परमजीत सिंह चौहान, एजीएम एचआर उत्तम कुमार झा, एजीएम सुरक्षा कमलेंद्र कुमार नीरज और अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## पैक्स चुनाव नामांकन 26 फरवरी को, मतदान और मतगणना 11 मार्च को

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत में पैक्स लिमिटेड का संचालन को लेकर पैक्स अध्यक्ष का चुनाव (मतदान) 11मार्च को होगा। चुनाव प्रक्रिया को लेकर सहायक निबंधक सहयोग समिति कार्यालय हजारीबाग द्वारा पत्र जारी कर तिथि घोषित किया गया। वही बताया गया कि चुनाव के लिए 26फरवरी का नामांकन पत्र कि बिक्री, नामांकन-पत्र जांच,सुची प्रदर्शन किया जाएगा। वही आपत्ति व निष्पादन, विधिमान्य नांमाकन कि सुची प्रदर्शन, नांमाकन वापसी और वापसी के बाद अंतिम सुची प्रदर्शन, चुनाव चिन्ह आंवटन 27फरवरी और 11 मार्च को मतदान परिणाम का घोषणा किया जायेगा।

# मांडू विधायक जेपी पटेल ने विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने विष्णुगढ़ में ब्रास एन्ड ब्रॉन्ज क्लस्टर में डीएमएफटी मद से कलस्टर में विविध उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया गया।जिसका प्राक्कलित राशि 37,61,800 रुपये है और उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनासो में स्टोर तथा किचन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिसका प्राक्कलित राशि 23 लाख है। इसके अलावा नावाटांड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में डीएमएफटी मद से 23 लाख की लागत से किचन निर्माण कार्य तथा स्पेशल डिवीजन से उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विविध उन्नयन कार्य एक करोड़ दस लाख की लागत से निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। चानो में पिनाकल एग्नेटेड माइंस स्कूल का भी उद्धघाटन किया। चानो में ही महात्मा संत रैदास की जयंती में उपस्थित बतौर मुख्यातिथि कहा कि इन महान विभूति के चरणों मे मेरा शत शत नमन इनकीं सोच किसी विशेष समुदाय एवं जाति के नही बल्कि सारे समाज की भलाई एवं उत्थान की थी। इस लिए इनको जाति समाज के बंधनों में नही बाँधा जा सकता। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता, मंत्री राजेश सोनी, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, इंद्रवीर कुमार आर्या, दीपक कुमार रजक, नीतीश कुमार, सबिता देवी, बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल, राजू यादव देवशरण यादव, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोक अदालत में 82 वादों का निष्पादन तीन लाख से अधिक राजस्व की वसूली

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इस लोक अदालत में कुल तीन बेंचों का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता रीतम कुमारी, बेंच संख्या दो में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा व अधिवक्ता सुमन जायसवाल, बेंच संख्या तीन में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता रीना कुमारी, बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आरके तिवारी, सदस्य बालेश्वर राम एवं ममता सिंह एवं ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 82 वादो का निष्पादन किया गया जबकि विभिन्न विभागों से कुल 3,30,250 रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार वर्मा, शिवांगी प्रिया, जूही कुमारी, मुंसिफ दानिश नवाज, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, प्रमोद चौधरी, राजीव कुमार, रवि कुमार, संजय कुमार, पीएलवी रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार मौजूद थे।

## विकास कुमार पासवान बने जयनगर थाना प्रभारी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने विकास कुमार पासवान को जयनगर थाना प्रभारी बनाया है। थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने योगदान के पश्चात बताया कि जयनगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप महुआ शराब कारोबार कर रहे लोग इसे छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने का काम करें नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था, अपराध एवं महिला उत्पीड़न चोरी डकैती सहित सभी चीजों पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक विनिता कुमारी, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक आशीष हंसदा, दिलीप कुमार मंडल सहित कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## योगी सुषमा सुमन को सम्मानित किया गया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क योग शिविर में योगाचार्य योगी सुषमा सुमन को सम्मानित किया गया। प्रत्येक दिन वार्ड नंबर 28 मडुवाटांड़ राधा कृष्ण के मंदिर के प्रांगण में निशुल्क योग शिविर चलता है। योग शिक्षिका सविता बरनवाल, बबीता सिंह प्रत्येक दिन यहां पर योग शिविर चलाती है। आज योग क्रांतिकारी योगी सुषमा सुमन को भारत सरकार के द्वारा 26 जनवरी को दिल्ली में सम्मान मिला उस खुशी में योग शिक्षिका ने हवन का भी कार्यक्रम किया। सुषमा सुमन ने बताया कि 2015 में योग शिविर का आयोजन हुआ था। दो योग शिक्षक बबीता और सविता दोनों बहनों का पतंजलि द्वारा योग शिक्षक बनाया गया था। योग शिक्षिका सविता बरनवाल, बबीता सिंह, रेनू सिंह ने माला पहनकर सुषमा सुमन को सम्मानित किया। शिविर में रेखा सिंह, सविता सिंह, सावित्री देवी, गिरिजा देवी, संगीता सिंह, सुनीता देवी, सुनैना देवी, मुन्नी देवी, आदित्य कुमार, बबीता सिंह, सविता बरनवाल, रेनू सिंह आदि मौजूद थीं।

## बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के चिगलाबर में शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान जयनगर निवासी शुभम गुप्ता (उम्र 22 वर्ष, पिता रविंद्र गुप्ता) और आशीष कुमार (उम्र 20 वर्ष, पिता नरेश शर्मा) के रूप में हुई है। दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर तिलैया से अपने घर वापस जयनगर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

## धूमधाम से रैदास जयंती मनायी गयी



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर व रजघट्टी में शनिवार को बड़ी ही धूमधाम से पूजा अर्चना कर 647 वां रविदास जयंती मनाई गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार की संध्या 7 बजे भव प्रवचन का कार्यक्रम किया जाएगा। प्रवचन के पश्चात रात्रि 9 बजे रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके पश्चात रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सकरी नदी में गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। उक्त जानकारी रविदास समाज के सचिव लखन रविदास ने दिया। इस अवसर पर शिवपुर रविदास टोला के अध्यक्ष सुदीश रविदास, शंभू रविदास, पप्पू रविदास, अरविंद रविदास, मनोज रविदास के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोहाल पंचायत अन्तर्गत ग्राम भुवालडीह में अनवी मॉडल फर्नीचर हाउस का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। दुकान संचालक दिनेश यादव एवं राजकुमार चौधरी ने बताया कि अब शादी ब्याह या कोई त्योहार में फर्नीचर लेने पर दस किलोमीटर तक फ्री होम डिलेवरी दिया जाएगा। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, मुखिया विनोद दास, समाजसेवी महावीर यादव, अजय यादव, सरफुद्दीन अंसारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रामीण इलाके में खुला मार्बल शीट शोरूम

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही चौक पर भीपी इंड्रट्रीयल एंड मार्बल सीट शोरूम का उद्धघाटन शनिवार को पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने फीता काट कर किया। इस दौरान शोरूम संचालक ने कहा कि प्लास्टिक यूवी मार्बल शीट का व्यापक रूप से आंतरिक और बाहरी दीवार की सजावट में उपयोग किया जाता है। हमारे दुकान में युवी सीट, वाल पैनल, फ्लूटर, डब्लू सीसी पैनल का खुदरा तथा थोक बिक्री किया जाएगा। मौके पर शालिनी गुप्ता ने कहा ग्रामीण क्षेत्र मे इस तरह के शोरूम खुलने से ग्रामीणों को अब 50 किमी दूर शहर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर प्रेमजीत साव, बीस कुमार मेहता, विजय सिंह, चंदन पांडेय, रामचंद्र साव, महेंद्र साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## सुबह 9 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी आज

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। सहायक विद्युत अभियंता सौरव लिंडा ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को रामगढ़ शहरी, मेन रोड, बिजुलिया, चट्टी बाजार, नेहरू रोड, थाना चौक आदि क्षेत्र सुबह 9 से 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## 1 मार्च को रांची में जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर भाजयुमो करेगा आंदोलन



चतरा (आजाद सिपाही)। आगामी एक मार्च को रांची में जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित आंदोलन की तैयारी और जिला से लेकर पंचायत स्तर पर होने वाले युवा चौपाल कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा को लेकर मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष द्वारा जानकारी दिया गया कि युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले के सभी पंचायत में युवा चौपाल लगाया जायेगा। वहीं प्रदेश मंत्री आजाद शत्रु ने कहा कि आगामी एक मार्च को प्रदेश मुख्यालय रांची में जेएसएससी पेपर लीक मामले को लेकर भाजयुमो नेतृत्व में राज्य स्तरीय आंदोलन किया जायेगा। कार्यशाला के माध्यम से मौके पर मौजूद जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिति सदस्य, मंडल अध्यक्षों और मंडल महामंत्रियों को मोर्चा की तैयारी से अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। बैठक सह कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री विकास मालाकार ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, अंकित सिंह, जितेंद्र पांडेय, मनीष सिंह, पवन सिंह, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, शत्रुघ्न ठाकुर, सत्यवान सिंह व प्रदीप ठाकुर सहित दर्जनों युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरैया से चंदन गुफा तक विधायक निधि से बनेगी पुलिया और सड़कः विधायक



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्रसिद्ध चंदन गुफा धाम के सुंदरीकरण का मामला झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास उठायेंगे। उक्त भरोसा शनिवार को सरैया ठेठांगी में स्थित चंदन गुफा एक दिवसीय मेला उदघाटन पर कहीं सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध और प्रकृति की गोद में बसा चंदन गुफा अत्यंत ही मनोरम है।लेकिन इस खूबसूरत स्थल तक पहुंचने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा व्यवस्था नहीं किया गया है। बताया गया कि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित होनेवाला चंदन गुफा धाम मेला का उदघाटन किया।चतरा जिला के टंडवा प्रखंड के सरैया ठेठंगी गांव में चंदन गुफा धाम पहाड़ी के तलहटी पर एक दिवसीय मेला का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने धर्म परिवर्तन करानेवाले को खदेड़ कर भगाने की भी अपील की। कार्यक्रम मे पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, बड़गांव के मुखिया विजय चौबे, करण दास सहित अन्य मौजूद रहे।

## सीसीएल कर्मियों से संडे ड्यूटी को लेकर बनी सहमति

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल कुजू क्षेत्र के कोयलाकर्मियों द्वारा संडे ड्यूटी को लेकर किये गये सामूहिक बहिष्कार को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय, कुजू में मजदूर नेता कुमार महेश सिंह की मध्यस्थता में कोयलाकर्मियों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रबंधन और ऑपरेटर के बीच संडे ड्यूटी को लेकर हुए समझौते में निर्णय लिया गया कि महीने में जितने भी संडे पड़ेंगे उसमें एक संडे को छोड़कर बाकी संडे ड्यूटी दी जायेगी। जिसमें महीना में पांच संडे होने पर कर्मियों को चार संडे और महीना में चार संडे पड़ने पर तीन संडे ड्यूटी देने पर सहमति बनी। वहीं, प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के 48 ऑपरेटर को दी गई चार्जशीट पर प्रबंधन विचार कर निर्णय लेने की बात कही। इसके बाद कर्मियों ने संडे पर सामूहिक बहिष्कार को समाप्त करने का निर्णय लिया।

## भारत स्वाभिमान महिला पतंजलि का विस्तार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। भारत स्वाभिमान पतंजलि की बैठक कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता महिला जिला प्रभारी अर्चना महतो महतो ने किया। मौके पर भारत स्वाभिमान पतंजलि जिला प्रभारी प्रमोद लाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान राज्य प्रभारी सुधा दीदी ने रामगढ़ भारत स्वाभिमान महिला पतंजलि का गठन किया। जिसमें जिला प्रभारी अर्चना महतो, जिला महामंत्री लीलावती, जिला कोषाध्यक्ष पिंकी, संगठन मंत्री पनेशवरी देवी, जिला संवाद प्रभारी अर्चना झा, जिला मीडिया प्रभारी यशोदा वर्मा, जिला संरक्षिका अंजलि को बनाया गया। मौके पर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए दिए गए दायित्व को अच्छे से निभाने का और संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प दिलाया गया। साथ ही योग टीचर बनाने और लोगों को योग से जोड़ने और जुड़ने का गुण सीखाया। मौके पर जिला प्रभारी प्रमोद लाल, जिला संरक्षक ओमप्रकाश मोदी, आरती, सुनीता,रुपा, रिता, किशोर, पुष्पा आदि उपस्थित थे।

## भुरकुंडा में मनायी गयी संत शिरोमणि रविदास जयंती



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भीम राव अंबेडकर विचार मंच के ततवधान में शनिवार को पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित अंबेडकर स्थल में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धाभाव से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष बालेश्वर राम व संचालन रविंद्र राम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित शिवनंदन दास ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर की। तत्श्चात पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व मंच के लोगों ने संत शिरोमणि रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने कहा कि संत रविदास जी ने कर्मो के साथ जोड़कर ईश्वर की भक्ति की। ईश्वर का आस्था, श्रद्धा और विश्वास से ही दर्शन संभव है। उन्होंने कहा कि संत जी के बताए मार्ग पर चलना हमसबों का कर्तव्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हीरालाल राम, विजय राम, सोनल कुमार, प्रदीप राम, ओक प्रकाश राम, एसके शर्मा, लगनू राम आदि का विशेष योगदान रहा।

# 50 घंटे के बाद उठा अनिकेत का शव, मिलेगा मुआवजा

**15 लाख रुपये सहायता देने के निर्णय के बाद हुआ अंतिम संस्कार**

**पूर्व छावनी परिषद के उपाध्यक्ष संजीत सिंह की मौजूदगी में सीओ ने अंतिम संस्कार के लिए दी राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने के हाजत में युवक अनिकेत की मौत के बाद 50 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। शनिवार की दोपहर मुआवजे पर अधिकारियों और परिजनों की सहमति बनी, तब जाकर अनिकेत का अंतिम संस्कार हुआ। अनिकेत के घर पहुंचे अंचल अधिकारी सत्येंद्र कुमार पासवान ने उसके पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी को पूरी सांत्वना दी। यहां उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति की मृत्यु के लिए सरकारी नियम और प्रावधानों के अनुरूप 15 लाख का भुगतान मृतक के आश्रितों को दिया जायेगा। मृतक के आश्रित को सरकारी प्रावधानों के अनुसार एक सरकारी आवास का लाभ दिया जायेगा। साथ ही 5 डिसमिल जमीन भी प्रदान की जायेगी। मृतक के आश्रित को योग्यता अनुसार नौकरी का लाभ दिया जायेगा। मृतक के आश्रित में योग्य सदस्य को पेंशन का भी लाभ दिया जायेगा और साथ ही इस परिवार का राशन कार्ड भी बनेगा। वार्ड नंबर 5 के पूर्व पार्षद संजीत कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह की मौजूदगी में अंचल अधिकारी ने अंतिम संस्कार के लिए 30 हजार रुपये मृतक के परिजनों को दिये।



### तीसरे दिन मृतक के घर पहुंचे सांसद

सांसद जयंत सिन्हा तीसरे दिन मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने निष्पक्ष जांच की कही। पूरी कहानी सुनने के बाद उन्होंने कहा कि कंबल फाड़कर फांसी लगाने की कहानी उनके गले से नहीं उतर रही। मेडिकल बोर्ड ने अनिकेत के शव का पोस्टमार्टम किया है। यह निष्कर्ष निकला है कि फांसी लगाने से ही उसकी मौत हुई है। लेकिन इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और चिकित्सकों की दूसरी टीम भी इसकी जांच करें। अगर यह हत्या का मामला उजागर होता है तो इस परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार पर भी टिप्पणी की और कहा कि भ्रष्टाचार व अपराध के दलदल में डूबी इस सरकार पर जनता को भरोसा नहीं है।

### 15 लाख का मिलेगा मुआवजा, तो परिवार की होगी मदद : संजीत

पूर्व छावनी परिषद के उपाध्यक्ष संजीत सिंह उर्फ छोटू सिंह ने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील था। बेहद गरीब परिवार का एक बच्चा जिस तरह मारा है उसके परिवार को जितनी भी सहायता दी जाये वह कम है। लेकिन जिला प्रशासन ने सहायता के लिए जो पहल की, वह सराहनीय है। अगर इस परिवार को नियमानुसार 15 लाख रुपये का मुआवजा मिलता है तो यह परिवार काफी संभल जायेगा। सरकारी जमीन का पट्टा मिलेगा तो इस परिवार के सिर पर छत भी आ जायेगा। उन्होंने कहा है कि प्रशासन अपने स्तर से भी इस परिवार की मदद करें।

# जनमानस के कल्याण के अद्वितीय उदाहरण हैं संत शिरोमणि रविदासः विजयंत कुमार




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** एलबिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को संत शिरोमणि रविदास जी की 647वीं जयंती धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य बिजयंत कुमार और विद्यालय प्रबंधन के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने संत रविदास के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की। इस अवसर पर शेख तौसीफ रजा, श्रवण कुमार, आयुष सोनी और अंकित ठाकुर आदि विद्यार्थियों ने संत जी के जीवन से जुड़ी घटनाओं का अपने कविता, भाषणों और गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं खुशी और उसके समूह द्वारा विशेष भजन की प्रस्तुति से सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर ससिच डॉ गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि संत रविदास जनमानस के कल्याण के युगपुरुष थें। जिन्होंने सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए सराहनीय कार्य किया और अपनी भक्ति से लोगों के जीवन को समृद्ध किया। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने अनेको भजन व गीतों की रचना की। साथ ही जनमानस के कल्याण में उन्होंने अपना समग्र जीवन लगाया। उन्होंने कहा कि वे वैसे संत थे जिन्होंने जात-पात, गरीबी-अमीरी से उपर उठकर सबों के लिए एक समान जीवन के अधिकार, स्वतंत्रता और अनुशासित जीवन शैली के अधिकारों पर बल दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, गीता प्रसाद, वैभव कुमार, जय किशोर महतो, सूरज देव सिंह, सिद्धार्थ, संसाई आदि का विशेष योगदान रहा।

## जयनगर गांव में कलश यात्रा निकाली गयी

पतरातू। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती समारोह शनिवार को प्रखंड के जयनगर में धूमधाम मनायी गयी। इस अवसर पर जयनगर गांव से कलश यात्रा निकाली गयी। इसमें सैकड़ो महिलाओं ने कलस लेकर जयनगर से भगत सिंह चौक होते हुए भ्रमण करते हुए नलकारी नदी तक गयी और नदी से जल लेकर पूजा स्थल पहुंचकर कलश यात्रा को समाप्त किया। इस अवसर पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के महासचिव निशि पांडे,आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी भी शामिल हुए। इस मौके पर मुखिया हीरा देवी, अशोक पाठक, नरेश राम कार्तिक राम, तुलसीराम शंकर राम, प्रदीप राम, वासुदेव राम जागेश्वर, गुड्डू कुमार सहित महिला पुरुष शामिल थे।

# माता शबरी की प्रतिमा स्थापना में मंत्री सत्यानंद भोक्ता हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के जोरी खुर्द मुरैनवा गांव में आयोजित भुईयां समाज के द्वारा आयोजित माता शबरी मूर्ति स्थापना सह पूजा समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय सेंगर तथा संचालन विगन भारती ने किया। मुख्यमंत्री श्री भोक्ता को राजद कार्यकर्ताओं ने बुके देकर सम्मानित किया तथा समाज के स्कूली बच्चियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मंत्री ने नवनिर्मित माता शबरी मंदिर में पूजा अर्चना की और उपस्थित लोगों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माता शबरी के जीवनी से हम सब को सीखना चाहिए और उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए तथा इसके लिए सबको प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पास 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण तथा एक चबूतरा बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान भुईयां समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात कर समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, भुइंया समाज प्रदेश अध्यक्ष संतोष नायक, मुखिया बसंती पन्ना, मुखिया दीपा भारती, मुखिया मनोज पासवान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थें।



## निःशुल्क आयुष्मान जांच शिविर का आयोजन

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना गेट के समीप शनिवार को आयुष्मान राष्ट्र मिशन के द्वारा प्रखंड स्तरीय निशुल्क आयुष्मान जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ पूजा रानी, डॉ रितु कुमारी, डॉ सुजाता कुमारी, के द्वारा बीपी, बुखार, शुगर, बवासीर, सभी तरह के दर्द, कैल्शियम की कमी, जख्म आदि का इलाज किया गया। शिविर में लगभग 200 मरीज का निःशुल्क जांच और दवा दी गयी। इस मौके पर रवि कुमार साहू, रवि कुमार, सूर्या कुमारी, सनी कुमारी, ललिता कुमारी के अलावा कई सहीया दीदी उपस्थित थी। साथ ही बताया गया कि जिन व्यक्ति को दवा की जरूरत है वह हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आकर 9:00 बजे से 3:00 तक ले सकते हैं।

# दुर्घटना के बाद मृतक के शव को कुत्ते नोचते नजर आये, मानवता शर्मसार

**पीवीयूएनएल के खैरमांझी साइड में लापरवाही से एक मजदूर की गयी जान**

**अनियंत्रित हाइड्रा की चपेट में आने से मजदूर की मौत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू थाना अंतर्गत पतरातू पीवीयूएनएल के आरबीपीआर कंपनी मैं कार्य के दौरान लापरवाही बरतने की बात सामने आयी है। इस लापरवाही ने एक मजदूर की जान ले ली है। वहीं दुर्घटना के बाद मानवता को शर्मसार करने वाला एक दृश्य भी सामने आया है। दुर्घटना के बाद प्रबंधन की ओर से तत्काल कुछ नहीं किया गया। देर होने के बाद आसपास के कुत्ते पहुंचकर मृतक के शव को नोचते नजर आये। जानकारी के अनुसार पतरातू में पीवीयूएनएल के खैरमांझी साइड पर शनिवार के अपराह्न 4:30 बजे के लगभग स्टॉक यार्ड में एक मजदूर की मौत हो गयी। बताया जाता है कि उक्त मजदूर बसंत ठाकुर जो शाह कॉलोनी का रहने वाला है। वह आरभीपीआर प्राइवेट लिमिटेड में कार्य करता था' कार्य के दौरान अनियंत्रित हाइड्रा के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलने के बाद पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता के अलावे पीवीयूएनएल के अधिकारी सीआईएसएफ के कमांडेंट, पंचायत प्रतिनिधि, विस्थापित नेता सहित आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। वहीं मृतक के परिजन मुआवजे और नौकरी की मांग कर रहे हैं।



### मानवता हुई शर्मसार

वहीं दुर्घटना के बाद खैरमांझी साइड पर खलबली मच गयी। लोग इधर-उधर भागने लगे' दुर्घटना में मारे गये मजदूर बसंत ठाकुर का शव इसी तरह पडा रहा। दुर्घटना की सूचना मिलने के काफी देर बाद प्रबंधन और पुलिस पहुंची। इसी बीच क्षेत्र के रहने वाले कुत्ते भी घटनास्थल पर पहुंच गयी। लोगों ने देखा कि कई कुत्ते मृतक के शव को नोच रहे हैं। लेकिन किसी ने भागने का प्रयास नहीं किया। लोग खड़े होकर फोटो खींच रहे थे और वीडियो बना रहे थे।

## डीएमएफटी से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में होगा विकास कार्य

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिले में डीएमएफटी फंड से विकास की रूपरेखा तैयार की गयी है। डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को बताया कि बैठकों के बाद 25.75 करोड़ की 59 योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जलापूर्ति योजना चापनाल, डीप बोरिंग, शौचालय, जल मीनार, बोरवेल मशीन, समर्सिबल मोटर पंप सहित चार उच्च प्रवाही नलकुप का निर्माण कार्य किया जायेगा। पूरे जिले में जिन स्थानों पर यह कार्य होंगे उसकी सूची भी प्रकाशित करती गयी है। भवन प्रमंडल के तहत गार्डवाल, अंबेडकर भवन, सामुदायिक भवन, पथ और नाली, आंगनबाड़ी केंद्र, पेवर ब्लॉक और शेड का निर्माण किया जायेगा। इन कार्यों के लिए 25 करोड़ 75 लाख 21 हजार 384 रुपये स्वीकृत किये गयी हैं।

## मणिपाल स्कूल में आंख जांच शिविर



कुजू (आजाद सिपाही)। मणिपाल स्कूल भरेचनगर में दृष्टि फाउंडेशन ने निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया। आयोजित तीन दिवसीय जांच शिविर के दौरान डॉ स्मिता झा ने बच्चों की आंखों की जांच की। इस दौरान डॉ स्मिता झा ने बताया कि बच्चों के शारीरिक विकास उम्र सहित आंखों की स्थिति के बारे में जांच किया जा रहा है। मौके पर विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को होने वाले मेडिकल सुविधाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## संत रैदास जी का जीवन समाज सुधार कार्यों में रहा समर्पित : दिगंबर पांडेय



कुजू (आजाद सिपाही)। संत शिरोमणि रैदास की जयन्ती समारोह कुजू में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मराज राम और संचालन मेघलाल राम ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय और विशिष्ट अतिथि मुखिया जयकुमार ओझा, राकेश मेहता, ललिता देवी शामिल रहे। इस दौरान अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित किया। मौके पर ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने कहा कि संत गुरु रविदास जी महान संत थे, जिन्होंने प्रेम और सौहार्द का पाठ पढ़ाया। रविदास जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज से जाति भेदभाव को दूर करने और समाज सुधार और समाज कल्याण कार्यों में समर्पित कर दिया। मौके पर प्रेम प्रसाद, कयूम खान, शिबू प्रसाद, संतोष मेहता, रेखा देवी, अनिता देवी, राजेश राम, लक्ष्मन राम, बहादुर राम, अनूप राम, अरविंद राम, विनोद राम, आकाश ओझा, फुलेश्वर साव, सुमन देवी, रंगीला राम, ज्योति कुमारी, बिनोद राम, बलराम रविदास, शक्ति राम, सुरेशचंद्र भारती, नरेश भारती, शिवा, शिवचरण, विजय, रघुनाथ मेहता, सुनीता देवी, सोनी देवी, हेमंती, शांति, पिंकी, प्रभा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## आजसू पार्टी समीक्षा बैठक संपन्न



टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुंदुरु परिसर में बैठक आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र कुमार महतो, संचालन रतन कुमार साहू ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में मुलभुत सुविधा के नाम पर जूझ रहे टंडवा औधोगिक नगर टंडवा के सवाल पर कार्यकर्ताओ ने चर्चा किया। इस बिषय को लेकर कार्यकर्ताओ ने सुप्रीमो सुदेश महतो को टंडवा प्रखंड की जन समस्या, असुविधा से रांची में अवगत कराया गया था। जिसके फल स्वरुप आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो ने समस्याओ की पोटली देख तत्काल जन संबोधन के लिये 9 मार्च को टंडवा आने की समय दे दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव पारसनाथ सिंह, कार्यवाह जिला अध्यक्ष महेश महतो, छोटू भोक्ता, संदीप सिंह, बुद्धिजीवी मंच जिला अध्यक्ष रामदेव पासवान, छोटन पासवान, सिकंदर मुंडा, महेश तुरी, लखन साव, केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, रंजीत, जिला सचिव धनेश्वर विश्वकर्मा, कार्यकारी, सरोज गुप्ता, अशोक अन्य उपस्तिथ थे।

## अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना ही हमारी प्राथमिकताः थाना प्रभारी



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू थाना में 66 वें थाना प्रभारी के पद पर रंजीत कुमार यादव ने अपना पदभार ग्रहण किया। वे इसके पूर्व खूंटी जिला के कर्रा थाना पर पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र को अपराध मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल बहाल रखने की बात कही। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या पर सीधे संपर्क करने की बात कही।

## खुटेहरा, पंडरी दलित टोला में चलाया गया जागरूकता अभियान



चतरा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेयी के निर्देशानुसार शनिवार को प्रखंड के खुटेहरा, पंडरी दलित टोला में प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने को नालसा से संबंधित टोल फ्री नंबर 15100 और पुलिस हेल्प नं 112 तथा एंबुलेंस 108 सहित टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गयी।

## नोटिस

मुल वाद संख्या 100/2022
अब्दुल अजीज वगैरह .... .... वादीगण
बनाम
अब्दुल जहीर वगैरह ...... .....प्रतिवादी
नोटिस बनाम प्रतिवादीः-
4 मो० सुलेमान पिता स्व० डोमी मियाँ साकिन ग्राम गरगोहिया, पोस्ट नन्दुडीह, थाना सतगाँवा, जिला कोडरमा।
बजरिये इस नोटिस आपको आगाह किया जाता है कि वादी ने आपके विरुद्ध न्यायालय में स्वत्व वाद दाखिल किया है। आपको नजारत एवं पंजिकृत डाक से सम्मन भेजा गया है, परन्तु अबतक आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हुये हैं।
अतः आपलोगों को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में नियत तिथि 08.04.24 को समय 10.30 बजे दिन स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अग्रिम कार्रवाई करें अन्यथा एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।
यह नोटिस आज दिनांक 21.02.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
सिविल जज जुनियर डिविजन II
सह मुंसिफ कोडरमा

# जरूरी है जमानत का कानून

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिये गये एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाये।

**पुलिस स्टेट न बने :** इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है। जुलाई 2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उसे इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया था कि भारत को कभी पुलिस स्टेट में तब्दील नहीं होना चाहिए।

**शक्ति का दुरुपयोग :** इसे लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि आजादी के बाद से भारत लोकतंत्र की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा है। अगर थोड़ा आगे-पीछे आजाद हुए अन्य देशों के अनुभवों के मुकाबले देखा जाये, तो भारत में लोकतंत्र की जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं। लेकिन फिर भी पुलिसिया ताकतों के गैरजरूरी इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रहती हैं। और दुर्भाग्य से उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी होती हैं, जिन्हें निराधार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून बनाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत को पुलिस स्टेट नहीं बनाना चाहिए और लोकतंत्र की जड़ें गहरी होनी चाहिए।**

**दलगत स्वरूप नहीं :** यहां इस तथ्य को रेखांकित करना खास तौर पर जरूरी है कि यह समस्या किसी एक राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है। अगर ऐसा होता तो इस अर्थ में अच्छा था कि तब समस्या का समाधान अपेक्षाकृत आसान होता। लेकिन अलग-अलग कालखंडों की बात तो दूर, एक ही समय में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार होने के बावजूद वहां से ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं।

**कानून की जरूरत :** शायद यह भी एक वजह है कि अदालतों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्टों के ऐसे कई आदेश हैं, जो बताते हैं कि सरकारी तंत्र को नागरिकों के अधिकारों को लेकर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। अनावश्यक गिरफ्तारी या जमानत में देरी के अलग-अलग मामलों से निपटते हुए ऊपरी अदालतें ऐसे निर्देश देती रही हैं। लेकिन उनका ज्यादा असर नहीं दिखा, तो उसकी एक वजह यह भी है कि इस बारे में कोई ऐसा स्पष्ट कानून नहीं है, जो राज्यों में कानूनी एजेंसियों के लिए मार्गदर्शन का काम करे। लंबे समय से ऐसे कानून की जरूरत महसूस भी की जा रही थी और विमर्शों में भी इस जरूरत को रेखांकित किया जाता रहा है। इसलिए अब इस पर विचार जरूरी हो गया है।

**टालमटोल न हो :** जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट का यह दखल जरूरी और महत्वपूर्ण है। अगर सरकार ने अब तक कानून बनाने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है तो अपने इस रुख को तत्काल बदलते हुए प्रभावी कानून लाने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। इस राजनीतिक दांव-पेंच में लोगों को यह जानना जरूरी है कि किसी भी सरकार के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाना और लागू करना आसान नहीं है।**

# आसान नहीं है एमएसपी गारंटी कानून

**आशीष वशिष्ठ**

**भारत** एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मनवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है, लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या, किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।



किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रॉलियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन-प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाये, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है।

**कृषि क्षेत्र में सुधार और बिचौलियों को सिस्टम से बाहर करने के लिए ही सरकार तीन नये कृषि कानून लेकर आयी थी।**

किसान समस्या का हल चाहते, तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से ऐसे बढ़े, मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती है, मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम-कदम पर दिखाई देता है।

किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं, लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है?

भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे, इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गयी है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिये देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं, वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझायी गयी है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है, बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है।

यही नहीं, किसान आंदोलन को कवर कर रहे बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं, जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ में है। बहुत से किसान स्वतंत्र पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं। इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है। इनमें से कुछ में नरेंद्र मोदी के लिए इतनी नफरत भरी हुई है, जैसे किसी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता अपने विरोधी दलों के नेताओं के बारे में रखता है। बल्कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में भी अपने विरोधी दल के नेता के लिए मरने-मारने की बात नहीं होती। यहां तो किसान मरने-मारने की बात भी कर रहे हैं। पंजाब में पीएम मोदी का काफिला रोकने की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन भी इस आंदोलन में शामिल है।

आंदोलन शुरू होने से दो दिन पहले जिस तरह कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट किसान आंदोलन को समर्थन करते आ गया था, उससे भी इस संदेह को बल मिला कि यह आंदोलन किसानों के अधिकार के लिए नहीं, बल्कि मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ज्यादा है। कांग्रेस नेता रमनदीप सिंह मान पर आरोप है कि वो कांग्रेस और किसान नेताओं के बीच कड़ी का काम कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' के हैंडल ने उनके कई ट्वीट की कड़ी का थ्रेड बनाकर अपने हैंडल पर डाला हुआ है। इस थ्रेड से पता चलता है कि कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा ने किस तरह रमनदीप सिंह के साथ मिलकर किसान आंदोलन को खड़ा किया।

जब चार साल पहले तीन नये कृषि कानूनों के विरोध में राजधानी को लगभग 13 महीने तक बंधक बनाये रखा गया था, धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के बहाने अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसान संगठनों की ओर से बनाये गये माहौल का ही नतीजा था कि केंद्र सरकार को उन तीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था, जिन्हें कृषि और कृषक समुदाय के लिए क्रांतिकारी माना जा रहा था।

सच्चाई यह है कि पिछली सरकारों ने जो कुछ किसानों की भलाई के लिए किया, वर्तमान सरकार ने उससे बढ़कर ही किया है। आंकड़े इसके प्रत्यक्ष साक्षी हैं। ये भी सच्चाई है कि किसानों की भलाई के लिए काफी कुछ किया जाना बाकी भी है। असल में जब आंखों में विरोधी चश्मा चढ़ा हो और दिमाग में रटी-रटायी स्क्रिप्ट तैर रही हो, तो बातचीत से मामला हल कहां होने वाला है? सरकार चाहे जितने भी उपाय और मजबूरियां बता दे, किसान नेताओं को तो अपनी बात पर अड़े रहना है। शायद उनके राजनीतिक आकाओं की ऐसी ही मंशा होगी।

किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पिछले सात दशक से जिस तरह की कृषि नीति देश में अपनायी गयी है, उन नीतियों से किसानों की स्थिति तो नहीं सुधरी है, न ही उनको उनकी उपज का वाजिब दाम ही मिल पाता है। लेकिन किसानों के ही फसलों से कृषि तंत्र पर कब्जा जमाये बिचौलियों और कारोबारियों की आर्थिक सेहत हमेशा ही बल्ले-बल्ले रही है। कृषि क्षेत्र में सुधार और बिचौलियों को सिस्टम से बाहर करने के लिए ही सरकार तीन नये कृषि कानून लेकर आयी थी। लेकिन ये भ्रम फैलाया गया कि नये कानून किसान विरोधी हैं। सरकार ने भी दबाव में आकर कानून वापस ले लिये। जानकारों का मानना है कि, नये कृषि कानून लागू हो गये होते तो किसानों की कई समस्याओं का हल स्थायी तौर पर हो जाता।

किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, उनका जीवन सुधरे और वो भी पूरे मान-सम्मान के साथ जीवन बितायें, इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं है। किसानों को भी तनातनी और राजनीति छोड़कर बातचीत से मसला हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। हिंसा और उपद्रव से किसानों की छवि तो खराब होती ही है, देश के साधनों और संसाधनों का नुकसान होता है और आम नागरिकों को भी परेशानियां पेश आती हैं। सरकार को सहानुभूतिपूर्वक किसानों की व्यावहारिक मांगों को स्वीकार करना चाहिए। शांति और सद्भाव का माहौल ही किसी देश के विकास को गति प्रदान करता है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# एक्सएलआरआइ में 100 फीसदी प्लेसमेंट

## सर्वाधिक 75 लाख का पैकेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** देश के नामी बिजनेस स्कूलों में शामिल एक्सएलआरआइ के शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियों का इस बार रिकॉर्ड 100 फीसदी प्लेसमेंट हुआ है। दो वर्ष के पीजीडीएम (बिजनेस मैनेजमेंट व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) बैच के सभी 509 विद्यार्थियों का चयन हो गया है।





### कठिन परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्लेसमेंट : निदेशक

**एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने इस उपलब्धि के लिए सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी सराहना की। कहा कि संस्थान के ये छात्र रिस्पांसिबल लीडर बनेंगे, जो देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएंगे। एक्सएलआरआई ने इस साल बाजार की कठिन परिस्थितियों के बीच रिकॉर्ड समय सीमा में 100% प्लेसमेंट की उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सभी कंपनियों की भी सराहना की।**

रिक्रूटमेंट की प्रक्रिया में कुल 154 कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने संस्थान के जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के कुल 509 विद्यार्थियों के बीच 519 देश में, जबकि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑफर दिया। इसमें 65 ऐसी नई कंपनियां थीं, जिन्होंने पहली बार एक्सलर्स को चुना। देश में प्रति वर्ष 75 लाख रुपये का सर्वाधिक ऑफर दिया गया। इस बार खास बात यह रही कि फाइनल प्लेसमेंट में चुने गए कुल 33.39 प्रतिशत विद्यार्थियों को समर प्लेसमेंट में बेहतर काम की वजह से प्री प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) मिल चुका था।

इस बार दो चरणों में फाइनल प्लेसमेंट हुआ। पहला चरण लेटरल रिक्रूटमेंट प्रोसेस (एलआरपी) जनवरी 2024 में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया गया था, जहां पूर्व कार्य अनुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया गया था और उन्हें प्रवेश स्तर के पदों से ऊपर की पेशकश की गई। दूसरा चरण कैंपस रिक्रूटमेंट प्रोसेस (सीआरपी) फरवरी 2024 में एक ही दिन आयोजित किया गया, जहां कार्य अनुभव का कोई अलग आधार नहीं था। सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू के आधार पर चयन किया गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में जमशेदपुर और दिल्ली कैंपस के छात्रों ने हिस्सा लिया।

**औसत पैकेज 28 लाख, शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 51.66 लाख :** इस बार औसत वेतन 28 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जिसमें शीर्ष 10 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 51.66 लाख, जबकि शीर्ष 25 विद्यार्थियों का औसत पैकेज 42.98 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा। बीएफएसआई क्षेत्र से प्रति वर्ष 75 लाख रुपये का सर्वाधिक ऑफर दिया गया। सबसे ज्यादा कंसल्टिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग व आइटीईएस सेक्टर से ऑफर दिए गए। एक्सेंचर स्ट्रेटेजी, अमेजॉन, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एचयूएल, आईटीसी, एशियन पेंट्स, रिलायंस, टाटा स्टील, ओला और पीडब्ल्यूसी ने नियमित भर्ती करने वालों में सबसे ज्यादा ऑफर दिया। नए रिक्रूटर में एयर इंडिया, श्री सीमेंट, गोदरेज, टाटा इलेक्ट्रॉनिक जैसी कंपनियां शामिल हैं।

# सांसद और विधायक ने 55 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा भुइयांसिनान से सुसनी बंगाल बॉर्डर भाया हाथीखेदा मंदिर सड़क निर्माण का कार्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सांसद विद्युत वरण महतो व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने संयुक्त रूप से भुला मोड़ पर नारियल फोड़कर व शिलापट्ट का अनावरण किया। पथ निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत 22 किमी सड़क का निर्माण 55 करोड़ रुपये से त्रिवेनी कंस्ट्रक्शन के देखरेख में किया जाएगा। सड़क का निर्माण होने से जमशेदपुर समेत पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से हाथीखेदा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा होगी। सांसद ने कहा कि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के साथ मिलकर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई है। सड़क का निर्माण होने पर कई गांवों के लोगों को सुविधा मिलेगी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा सड़क पहले आरईओ विभाग से बना था। सड़क को पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरण करवाया गया। उन्होंने कहा सड़क का निर्माण के लिए विधानसभा के शून्यकाल में उठाते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिलकर मांगपत्र भी सौंपे थे। उन्होंने कहा सड़क निर्माण की मांग बहुप्रतीक्षित था। जिसे आज पूरा किया गया।मौके पर पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, छोटूलाल हांसदा, हिमांशु महतो, प्रदीप कुमार महतो, मंटु चरण दत्त, सुभाष कर्मकार, काजल सिंह, शांतनु मुखर्जी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर का बुजुर्ग कटक से लापता



**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित महावीर कॉलोनी के रहने वाले 62 वर्षीय शिव बालक सिंह कटक से लापता हो गये हैं। वे हरे रंग के चेक शर्ट पहने हुए अपनी धर्मपत्नी के साथ 22 फरवरी को भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन करने उत्कल ट्रेन से पूरी जा रहे थे। 22 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे कटक रेलवे स्टेशन पर उत्कल ट्रेन के पहुंचने पर बोगी के एक बच्चे के तबीयत खराब हो जाने पर शिव बालक सिंह बच्चों के परिजनों के साथ कटक स्टेशन में उतर गए। तबीयत खराब हुए बच्चे के परिजन के साथ बच्चे का इलाज कराने रेल अस्पताल चले गए। लेकिन दोबारा लौट कर ट्रेन में नहीं आये।

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती के कार्यक्रमों से छतरपुर रहा गुलजार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर के इलके में सन्त रविदास की जयंती की रही धूम। प्रखंड के मदनपुर गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्र के उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद कुमार गुप्ता चुनमुन, राजेन्द्र यादव , वासुदेव पासवान उमेश कुमार, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मशहूर नाल वादक उमेश राम के पिता प्रसाद राम एवं मुख्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर एवं संत रविदास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा की आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने चरित्र में संत रविदास के कहे हुए हैं वाणी को उतारने की आवश्यकता है संत रविदास ने स्पष्ट कहा है कि हम अपने कर्मों से बड़े होते हैं ना कि जन्म से हमें हमेशा अपने कर्म में लगे रहना चाहिए और उससे मिलने वाले फल की आशा नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यदि कर्म करना हमारा कर्तव्य है तो फल पाना हमारा सौभाग्य है जब राम रहीम करीम अल्लाह एक ही परमेश्वर के नाम है और वेद पुराण कुरान में एक ही ईश्वर का गुणगान किया गया है तभी ईश्वर भक्ति के लिए सदाचार की पाठ बताते हैं अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें इस अवसर पर एक पढ़े-लिखे और जागरूक इंसान बनने की शपथ लेने की आवश्यकता है ताकि कोई भी प्रतिनिधि हमें मूर्ख ना बना सके, आज वक्त आ गया है कि हमसब अपने इलाके को विकास के रास्ते पर ले चलने का संकल्प लें। आने आले हर चुनाव में योग्य को चुनें ताकि वह हमारे भावनाओं से न खेल सके। अरविन्द ने कहा कि जिस दिन लोग संत रैदास और बाबा साहब के दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प ले कर्णचलना शुरू कर देंगे उस दिन से ही बदलाव दिखने लगेगा। कार्यक्रमों में गायिका पूजा कुमारी व्यास राहुल सिन्हा व्यास चन्दन चेहता, उमेश्ेश कुमार, सहित अन्य कलाकारों ने संगीत के माध्यम से उनके गुणों का बखान किया कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश कुमार मनोज भास्कर विजय राम, सुरेश , मुकेश, सोनू, राकेश अमित, अनिल, राहुल, मंटू, बद्री,जमुना, शंकर , बसंत , रंजन, ने सक्रिय भूमिका निभाई। छतरपुर के ही केवालपर, बगैया , बारा, कचनपुर गांव में भी सन्त रविदास की जयंतो धूमधाम से मनाई गयी जहां अतिथि के रूप में अरविंद गुप्ता शामिल हुए और सन्त शिरोमणि रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज शिक्षित हुए बिना समाज का भला नहीं हो सकता है। इस मौके पर सन्त रविदास जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यकम की शुरूआत की गई और आगत अतिथियों को अंगवस्त्र, और बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की पुस्तक सबको भेंट की गई।

## भानुप्रताप ने सामूहिक विवाह में शामिल होने का दिया निमंत्रण



सगमा (आजाद सिपाही)। आगामी 28 फरवरी को टाउनशिप में होने वाले सामूहिक सादी का आमंत्रण देने सगमा पहूंचे भानुप्रताप साही कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत। विदित हो कि आगामी 28 फरवरी को टाउनशिप मैदान भवनाथपुर में विधायक भानुप्रताप साही के हाथों से 51 बहनों का हाथ पीले किये जायेंगे। इसे लेकर पूरे विधानसभा छेत्र चल रहा तैयारी अंतिम चरण में चल रहा है। भानुप्रताप साही भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रवासियों को सादी समारोह में आने के लिए अपने हाथों से निमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यरूप से सामिल होने वालों में मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि धर्मजीत यादव राजेस बैठा बबलू ठाकुर, सखिचंद प्रजापति, संतोसी कुशवाहा, रविरंजन यादव धनंजय यादव, लालू कुशवाहा, सोनू जयसवल, निर्जय कुमार रजक, सुधीर सिंह यादव रामचन्द्र साह उपस्थित थे।

## जन्म से नहीं बल्कि कर्म से मनुष्य श्रेष्ठता को प्राप्त करता है: निदेशक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में संत रविदास की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षाविद एवम विद्यालय के निदेशक मदन केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि संत रविदास ईश्वर के सच्चे उपासक और अध्यात्म के अग्रिम पुरोधा थे। उन्होंने समाज में व्याप्त जात-पात और ऊंच-नीच के भेदभाव को दूर कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास अध्यात्म के माध्यम से किया। संत रविदास ने समाज को संदेश दिया कि व्यक्ति बड़ा या छोटा अपने जन्म से नहीं अपितु अपने कर्म से होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदयप्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, बीरेंद्र साह, नीरा शर्मा, निलम कुमारी, सुनिता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी कुमारी, रिजवाना शाहिन आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच संचालन संतोष प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन नीरा शर्मा ने की सभा के अंत में सभी उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच टॉफी का वितरण किया गया।

## बाबू दिनेश सिंह विवि के शासी निकाय की बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। वर्ष 2023 में स्थापित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय की पहली शासी निकाय की बैठक विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने किया। जिसमें सर्वप्रथम झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित और अधिसूचित बाबू दिनेश सिंह विवि अधिनियम 2022 (झारखंड अधिनियम- 06, 2023) को अंगीकृत करने हेतु सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इस शासी निकाय के प्रथम बैठक में कुलाधिपति, कुलपति, कुलसचिव सहित झारखंड के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग द्वारा नामित अरुण कुमार (उप सचिव), अंडर सेक्रेटरी, शिक्षाविद पवन कुमार, डॉ अरविंद कुमार सिंह, प्रभाकर झा, प्रोफेसर दिव्या तिरु, शालिनी सिंह, अंजू सिंह, साकेत बिहारी शरण उपस्थित हुए। अंत में शासी निकाय के अध्यक्ष और कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने विवि के प्रथम शासी निकाय में उपस्थित प्रत्येक सदस्यों के प्रति आभार और सकारात्मक सहयोग और विश्वविद्यालय के हित में लिए गये निर्णय के लिए धन्यवाद दिया।

## मेराल में जलसा सह दस्तार बंदी का आयोजन, सात छात्रों के सिर पर दस्तार बांध कर दी गयी विदाई



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के मदरसा नुरीया कादरीया के प्रांगण में शनिवार की रात्रि में जलसा सह दस्तार बंदी का आयोजन (दिकक्षांत समारोह) का आयोजन किया गया। जिसमें नसीरे मील्लत सोनभद्र यूपी, गया-बिहार तशरीफ लाए मुस्लिम समाज के धर्म गुरु (पीर) हुजुर नइमे मिल्लत और हुजुर अमीने मील्लत तथा गढ़वा के कई गणमान्य लोगों के साथ साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावली शामिल हुए। जलसे की शुरूआत कुरआन की तीलावत से कारी कमालुदीन साहब तथा मंच का संचालन देश के सुप्रसिद्ध उद्घोषक अंजुमन शान ए वतन के केन्द्रीय अध्यक्ष हाफीज तबीब आलम ने किया। जिसमें मुख्य रूप से डॉ यासीन अंसारी, जेएमएम के जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, भाजपा नेता संजय भगत, दशरथ प्रसाद, मुखीया शरीफ अंसारी, रामसागर महतो, मेराल थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया। जलसा आखीर में मदरसा नुरीया मेराल से 7 छात्रों के सर पर दस्तार बांध कर विदाई दी गयी। जलसा को कामयाब बनाने में मौलाना यासीन, अतहर अली, हाजी गुलाम मुस्तफा, सदर मोखतार, सचीव अब्दुल हमीद, हाफीज नेजाम, हाफीज हकीक, सहीत पूरे मेराल के मुस्लिम समाज के लोगों ने अहम भूमिका निभायी। पुरे जलसे में शांतिपूर्वक माहौल बनायें रखने में रहनुमा सुसाइटी, फेदाए हुसैन कमेटी, गुलामे हुसैन कमेटी और मेराल पुलीस प्रशासन ने अहम भूमिका निभायी।

# ब्रह्मबाबा स्थान पर लगे माघ पूर्णिमा मेले का समापन, उमड़ी लाखों की भीड़

पांच राज्यों के श्रद्धालु माघ पूर्णिमा पर यहां सुनते हैं सत्यनारायण भगवान की कथा

माघ पूर्णिमा के अवसर पर लगे मेला में कथा सुनने से होती है मन्नत पूर्ण : श्रद्धालु



बलराम शर्मा

**मेराल।** गढ़वा जिले के ऐतिहासिक ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला मेले का समापन शनिवार की देर शाम में अलौकिक मंगला श्रृंगार आरती के साथ हो गया। मेले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने के लिए झारखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश से भी भारी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्मस्थान पहुंचे थे। यहां अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने लगी थी।

**ऐतिहासिक है ब्रह्मबाब स्थान, होती है मन्नत पूरी : श्रद्धालु**

माघ पूर्णिमा के अवसर पर यहां प्रत्येक वर्ष मेला लगता है जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है मान्यता के अनुसार मन्नते पूरी होने पर श्रद्धालु यहां सत्यनारायण भगवान की कथा सुनते हैं मिट्टी का घोड़ा, नारियल तथा जनेऊ चढ़ाते हैं। पूछे जाने पर कई श्रद्धालुओं ने बताया कि उनकी मन्नते पूरी हुई थी इसलिए सपरिवार ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर में सत्यनारायण भगवान की कथा सुनने आए थे। ऐतिहासिक ब्रह्म बाबा स्थान एनएच 75 किनारे अवस्थित है। श्रद्धालुओं के लाखों की भीड़ के बीच यातायात को बहाल रखने में पुलिस प्रशासन को पसीने छूट गये। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा की इंतजाम किये गये थे। गढ़वा सदर थाना के साथ-साथ मेराल थाना की पुलिस भी यातायात को बहाल रखने में मुस्तैद रही, वहीं श्री ब्रह्म बाबा वर्सिप मैनेजमेंट ट्रस्ट खजूरी के लोगों ने अपने स्तर से वॉलेंटियर तैनात किए थे।

**पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में लगा झूला आदि का उठाया लुफ्त :** खजूरी ब्रह्मस्थान पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के बाद मेले का लुफ्त उठाया। झूला, चरखा, ड्रैगन झूला, मिक्की माउस आदि मेले के आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं मेले में लगी सैकड़ों दुकानों पर श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की।

**दीपदान तथा मंगला श्रृंगार आरती में स्थानीय श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ :** माघ पूर्णिमा के अवसर पर ब्रह्म बाबा वरशिप मैनेजमेंट कमेटी द्वारा आयोजित 54 वें श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं न्वाह्न पारायण पाठ एवं यहां लगने वाला ऐतिहासिक मेले का समापन देर शाम में अयोध्या से पधारे श्री बाल स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा अलौकिक श्रृंगार, षोडशोपचार पूजन, दीपदान के पश्चात सात मंचों से विराट मंगला श्रृंगार आरती हुई जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं के भेद उमड़ पड़ी। समापन सत्र में अतिथियों द्वारा वरशिप मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# गढ़वा के लिए ऐतिहासिक दिन होगा 3 मार्च : मंत्री

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 3 मार्च को गढ़वा में

करेंगे एक साथ पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवददाता

**गढ़वा ।** गढ़वा जिला के लिए तीन मार्च 2024 का दिन ऐतिहासिक होगा। गढ़वा जिला वासियों को इस दिन बहुत बड़ा तोहफा मिलेगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जिले की पांच बड़ी योजनाओं का एक साथ उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद इनकी सेवाएं प्रारंभ हो जायेगी। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि तीन मार्च को मुख्यमंत्री चंपाई का गढ़वा आगमन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री नवनिर्मित समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, बस स्टैंड, फुटबॉल स्टेडियम और नवनिर्मित टाउन हॉल का उद्घाटन करेंगे। उक्त सभी का उद्घाटन मुख्यमंत्री सभी स्थल पर पहुंचकर करेंगे। पश्चात टाउन हॉल के मैदान में जनसभा का आयोजन किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इन सभी के निर्माण से गढ़वा के विकास में चार चांद लग गया है। गढ़वा की सूरत पूरी तरह से बदल गयी है। अब गढ़वा घूमने एवं देखने योग्य बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। विकास के पायदान पर गढ़वा नंबर वन पर होगा।

## झामुमो निकालेगा 29 को न्याय यात्रा

भंडरिया। गढ़वा भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी के प्रांगण में आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जेपी मिंज के अध्यक्षता में भंडारिया झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के द्वारा एक बैठक आहुति की गयी। जिसमें सभी पंचायत के अध्यक्ष व सभी सदस्य गण शामिल हुए जिसमें सर्वस्व समिति से 29 तारीख को न्याय यात्रा निकालने के लिए निर्णय लिया गया। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने कहा कि भंडारिया के सभी छो पंचायत से सभी पंचायत अध्यक्ष 10-10 मोटरसाइकिल लाने को कहा गया है।

# डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बाउंड्री नहीं होने से चिकित्सक और कर्मी असुरक्षित



**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बने 12 वर्षों से भी अधिक समय बीत गया है। उसके बाद भी आजतक सुरक्षा की दृष्टिकोण से अस्पताल परिसर की चहारदीवारी नहीं हो सकी। उक्त वजह से अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक और कर्मी असुरक्षित महसूस करते हैं। चहारदीवारी को लेकर चिकित्सा पदाधिकारियों ने कई मर्तबा विभाग को पत्र भी लिखा पर उस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अस्पताल में दिन हो या रात अक्सर मरीज और उनके परिजनों के अलावा अन्य लोगों का आना जाना लगा रहता है। अस्पताल में फिलहाल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी सहित सात महिला स्वास्थ्य कर्मी और पांच पुरुष कर्मी सहित करीब दर्जन भर कर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं। प्रखंड के 80 हजार का चिकित्सा सेवा इसी अस्पताल पर निर्भर है।

**चारदीवारी नहीं होने से अस्पताल कर्मियों में रहता है भय :** अस्पताल में काम करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मी दिन में तो बगैर किसी परेशानी और भय के काम करते हैं पर शाम होते ही उनमें अनजान भय होने लगता है। उनका कहना है कि दिन के समय में हमें किसी तरह का भय नहीं होता पर रात को डरे सहमे रहते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लकड़ी के बने दो दर्जन से भी अधिक दरवाजे लगे हैं। वह भी जर्जर है। हल्का धक्का देने मात्र से ही वह गिर जायेगा। कई मर्तबा तो मरीज के साथ उनके परिजन भी शराब की नशे में पहुंच जाते हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी ने बताया कि वाहन चालक, रात्रि प्रहरी के अलावा सात महिला और पांच पुरुष कर्मियों को मिलाकर कुल 12 कर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं। सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल में चहारदीवारी जरूरी है। चहारदीवारी नहीं होने से महिला कर्मी रात में अक्सर भयभीत रहते हैं।

# प्रेमी ने ही अमृता को पत्थर से सिर कुचल कर की थी हत्या : एसपी

22 वर्षीय अमृता कुमारी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझायी



**गढ़वा ।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के मंजरी गांव की 22 वर्षीय अमृता कुमारी को प्रेमी प्रमोद चौरसिया ने ही पत्थर से सिर कुचलकर अमृता की निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गढ़वा जिले के भंडरिया थाना में विगत 19 फरवरी को मंजरी गांव की मंगन सिंह की 22 वर्षीय पुत्री अमृता कुमारी का शव का कंकाल एक झाड़ी से बरामद हुआ था। शव में शिर के अलावा सिर्फ आसपास उसके कपड़े और चप्पल के अलावा ऐसा कुछ नहीं था, जिससे उसकी पहचान हो सके। मगर परिजनों ने अमृता के कपड़े तथा चप्पल की पहचान कर उसे पहचान किया था। पुलिस ने जब इस मामले का अनुसंधान शुरू किया तो पुलिस को पता चला की अमृता मेदिनीनगर पलामू में चैनपुर थाना क्षेत्र के लिधकी गांव के प्रमोद चौरसिया के साथ काम करती थी। इसी दौरान प्रमोद तथा अमृता के बीच प्यार हो गया। लगभग दो वर्षों से दोनों के बीच प्यार का चक्कर चल रहा था। अमृता ने प्रमोद पर सात फेरे लेने का दबाव बनाते हुए अपना जीवन उसके साथ बिताने की जब बात करने लगी तो प्रमोद को नागवार गुजरा । लिहाजा प्रमोद ने घटना के दिन अमृता के सिर को पत्थर से कुचल -कुचलकर उसकी निर्मम हत्या कर दी तथा खुद फरार हो गया। दरअसल इसका खुलासा पुलिस ने तकनीकी और मानवीय आधार पर अनुसंधान कर किया तो उसे पता चला की अमृता की हत्या के पीछे प्रमोद के साथ उसका प्रेम प्रासंग ही प्रमुख कारण है।

पुलिस ने आज पलामू जिले के चैनपुर से प्रमोद चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया तो गिरफ्तारी के बाद प्रमोद ने पुलिस के सामने पूरे मामले का खुलासा कर दिया है। दरअसल यह मामला पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। क्योंकि अमृता का शव जिस झाड़ी से बरामद किया हुआ था वहां उसके सिर के अलावा कुछ और पुलिस के हाथ नहीं लगे थे। क्योंकि जानवर उसके शरीर के मांस को कंकाल बना कर छोड़ दिया था। ऐसे में पुलिस ने घटना को चुनौती पूर्ण लेते हुए उद्भेदन कर दिया है तथा प्रमोद की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। पुलिस अमृता का डीएनए टेस्ट भी करना चाहती है ताकि प्रमोद को न्यायालय से सजा दिलाई जा सके। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रंका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, भंडारिया के थाना प्रभारी चंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक जनार्दन सिंह, भंडरिया थाना के शस्त्र बल शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद निशान देही पर खून से लगा हुआ पत्थर हड्डी खून लगा हुआ मिट्टी खून लगा हुआ कपड़ा तथा मुंडी बरामद हुआ।

## कम्युनिकेशन स्किल्स इंसान के व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है: अलखनाथ पांडेय



गढ़वा(आजाद सिपाही)। आरकेबीएस शिक्षण संस्थान के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए सेशन 2023-24 में छठे व अंतिम इनहाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकायें सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा और मिथलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला का विषय 'इफेक्टिव कम्यूनिकेशन स्किल्स' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रुप में आरकेपीएस गढ़वा से शिक्षक राज चौबे, शिक्षिका श्वेता पांडेय, ऊंचरी स्कूल से गीतांजलि देव और श्रीनगर वंशीधर स्कूल से अमर कुमार थे। इस विषय पर चेयरमैन सह निदेशक ने अलखनाथ पांडेय ने कहा कि कम्यूनिकेशन स्किल्स इंसान के व्यक्तित्व का अभिन्न अंग है। कार्यशाला में विषय आधारित एक्टिवीटी भी कराया गया। इस अवसर पर अनुप कुमार पांडेय, एलके ओझा, अनिल सिन्हा, विनय सिंह, अनिता सिन्हा, जागृति चौबे, अभिलाषा तिवारी, पूनम राय, राजेश पांडेय, रुपेश पांडेय, शहेला खान, सनोज यादव, गीता पांडेय व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती मनायी गयी



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित खरवार छात्रावास चौक के समिप अंबेडकर युवा क्लब और रविदास महासभा के तत्वावधान में शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, उतरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी, पूर्व मुखिया सह रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, झामुमो नेता राजकिशोर राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मिशन गायक मनोज भारती एंड पार्टी के द्वारा गुरु रविदास, बाबा साहेब अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध से संबंधित एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत प्रस्तुत कर लोगों को खुब मनोरंजन किया वहीं शोभा यात्रा भी निकाली गई। जयंती कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु सज्जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का जन्म उस समय में हुआ जब भारतीय समाज सामाजिक कुरितियों से आहत था। समाज में जात पात छुआछूत की बोलबाला था। इस मौके पर अंबेडकर युवा क्लब के अनुज कुमार रवि (सहायक अभियंता), शिक्षक दिलीप रविदास, सचिव अभिषेक कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, उज्ज्वल कुमार रवि, सुधीर कुमार, पिंटू कुमार, सोनू भारती, रवि रंजन, दीपक राम, रामकेश राम, शिक्षक जवाहर राम, डोमन राम सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे उपस्थित थे।

## डॉ अशजद के नेतृत्व में लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलायी गयी



रंका (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी ने विभिन्न क्षेत्रों का स्वास्थ्य कर्मियों की टीम के साथ भ्रमण किया। इस अवसर पर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी। ताकि लोग फाइलेरिया से मुक्ति पा सके। पूरे झारखंड में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक विभिन्न क्षेत्रों में फाइलेरिया रोधी दवा दवाई खिलाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को डॉ असजद अंसारी एवं स्वास्थ टीम के सदस्यों ने रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना में घर- घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा जो लोग दवा खाने से वंचित रह गए थे उन्हें दवा खिलायी गयी। इस अभियान में चिकित्सा पदाधिकारी डा. गोरखनाथ पांडेय, डॉ प्रीति सिंह तिवारी, एमटीएस पंकज विश्वकर्मा, एएनएम, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका उपस्थित थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ से आज कलश यात्रा निकलेगी





कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की निबंधित इकाई मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा 24वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सतबहिनी झरना तीर्थ की स्थापित परंपरा के अनुरूप 25 फरवरी को विराट कलश यात्रा निकाली जायेगी। आयोजित महायज्ञ अयोध्या के श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर महंत प्रेम शंकर दास जी के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। 26 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणीमंथन के साथ विधिवत यज्ञ आरंभ हो जायेगा। सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक वृंदावन की मानस मंडली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ किया जायेगा। जबकि 26 फरवरी से 5 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक विशिष्ट विद्वानों का प्रवचन होगा। वहीं 06 मार्च को विसर्जन, संत-विद्वानों की विदाई व महा भंडारा का आयोजन किया जायेगा। **सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ के लिए पूरी प्रसाद सामग्री दान की :** यथा तात तथा जात की कहावत को चरितार्थ करते हुए एक दानवीर पिता के पुत्र ने उनकी कीर्ति को कायम रखा है। कांडी प्रखंड अंतर्गत लमारी कला पंचायत के पतरिया गांव निवासी सह मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति के विशिष्ट स्थायी सदस्य स्व राम सुरेश पांडेय के पुत्र श्रवण कुमार पांडेय ने सतबहिनी झरना तीर्थ में आयोजित 24वें मानस महायज्ञ के लिए पूरी प्रसाद सामग्री दान की। उन्होंने महायज्ञ में वितरण के लिए पांच बोड़ा चुड़ा व दो बोड़ा रेवड़ी दाना भेज दिया। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वहीं से प्रसाद सामग्री भेजी है। इसकी जानकारी देते हुए सतबहिनी विकास समिति के सचिव पं. मुरलीधर मिश्र ने कहा कि इनके पिता ने भी सतबहिनी के निर्माण यज्ञ में 51 हजार की राशि दान की थी।

# हेमंत सोरेन को साजिश करके फंसाया गया : शमीद अंसारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** कैरो प्रखंड में जेएमएम केंद्रीय कमिटी के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के दिशानिर्देश के अनुसार केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी की उपस्थिति में प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद के नेतृत्व में शनिवार को प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत के एडादोन गांव में न्याय यात्रा निकाला गया।न्याय यात्रा एडादोन चौक से सुरु होकर कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत के समाधि स्थल तक गयी जहां पर शहीद को श्रंद्धांजलि दी गयी। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री है कार्यकारी अध्यक्ष हेमन्त सोरेन को साजिस के तहत फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। हेमंत सोरेन प्रदेश के विकास के लिए एक लंबी लकीर खींच रहे थे भाजपा को ये बात रास नही आयी कि एक आदिवासी नेता कैसे इस तरह जन नेता बन रहा है। मौके पर समीरुदीन अंसारी, परवीन साहू, मनलेश्वर उरांव, अख्तर अंसारी, हारून अंसारी, मतलूब अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सोच में दोहन नहीं, निर्माण होना चाहिए : सुदेश महतो

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के जालिमखुर्द-जगतारनपुर में आयोजित संकल्प सभा सह मिलन समारोह संपन्न।

राजनेताओं का उद्देश्य राज्य का दोहन नहीं बल्कि उनका उद्देश्य राज्य का नवनिर्माण होना चाहिए। झारखंड में सरकार अपनी मौजूदगी का अहसास जनता को नहीं करा पाई है। लोगों की भावनाओं का सम्मान नहीं कर पाने वाली सरकार जनता के साथ न्याय नहीं कर सकती और न नहीं राज्य को आगे ले जा सकती है।

उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लातेहार विधानसभा अंतर्गत जालिमखुर्द-जगतारनपुर, बाजारटांड में आयोजित संकल्प सभा सह मिलन समारोह में कही। मौके पर राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष उषा देवी यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकताओं और सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्राम सभा की तिलांजलि दे दी है। जमीन के नीचे की खनिज संपदा पर सबकी नजर है, पर जमीन के ऊपर के लोगों की चिंता किसी को नहीं है। यही वजह है कि गांव के लोग दुःखी हैं। हर सुविधा शहर को पहले और गांव को बाद में मिला है। गांव की समस्या को समझने और जीने वाला गांव का लीडर चाहिए।

लातेहार को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का मकसद जगह भरना नहीं लातेहार की किस्मत बदलने वाला प्रतिनिधि चाहिए।

**सुदेश महतो का हुआ भव्य स्वागत:** संकल्प सभा में शामिल होने रांची से लातेहार जाने के क्रम में विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकताओं ने पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया गया। पार्टी कार्यकताओं ने बीजूपाड़ा, कुडू, चंदवा आदि जगहों पर पार्टी अध्यक्ष का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, सुबोध प्रसाद, नीरू शांति भगत, , लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, अमित पांडेय, अनिता साहू, सतीश कुमार, बिकेश शुक्ला, अंजू महली, ओम भारती, इम्तियाज अहमद नाजमी, उमेश सिंह भोक्ता, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

## रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम मीठाहा में शनिवार को संत शिरोमणि रविदास जी का 647 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक राजकुमार राम और संचालन डॉ रमेश कुमार ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल हुए। जयंती समारोह कार्यक्रम में सर्व प्रथम माननीय शिक्षक नंद किशोर राम, आंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम, रेलवे गार्ड जेपी मेहरा, रवींद्र राम, श्रीं राम, लक्ष्मण राम सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता जोड़कर कर जयंती का का उद्घाटन किया गया। सभी अतिथियों ने संत शिरोमनी रविदास जी को पुष्पांजलि अर्पित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नंद किशोर राय ने कहा की आज देश में बहुत सारे संत पैदा हुए लेकिन उनमें अपने विचार और सत्य की कसौटी पर खड़ा हो कर समाज को गति देने का काम किये उनका विचार जात पात उच्च नीच से ऊपर उठ कर था। इनके अलावे आंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम राब, श्रीं राम, लक्ष्मण राम ,जेपी मेहरा, अवधेश मेहरा, विधायक प्रति निधि प्रेम कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग अपनी बात रखते हुए संत शिरोमणि रविदास के विचारों पर चलने का संकल्प लेते हुए आहवान किये की इनके विचारों पर चल कर ही नफरत के खिलाफ प्रेम का संदेश दे सकते हैं और अच्छा समाज का निर्माण कर सकते हैं।

## अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर और सेक्रेटरी का शपथ ग्रहण समारोह आज



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सेक्रेटरी सैयद शाहिद अहमद बेलू को शपथ दिलाने को लेकर आगामी 25 फरवरी रविवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे उर्स मैदान लोहरदगा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी अंजुमन इस्लामिया इलेक्शन कमिटी के चीफ कन्वेनर अनवर अंसारी, नायब कन्वेनर अफरोज कुरैशी ने संयुक्त रूप से दी है। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां बतौर मुख्य अतिथि मौजूद होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओ अमित कुमार और एसडीपीओ सुश्री श्रद्धा केरकेट्टा होंगी। साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों कई गण्यमान्य व्यक्तित्व भी उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि तिलावत ए कलाम पाक के साथ शपथ ग्रहण समारोह की शुरूआत होगी। तत्पश्चात परंपरागत रूप से जामा मस्जिद के इमाम कारी शमीम रजवी द्वारा नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जाएगी। सदर व सेक्रेट्री को शपथ दिलाने के बाद प्रत्येक पंचायत से आए अंजुमन बोर्ड के सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी। उन्होंने लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया, पुलिस-प्रशासन और आवाम का आभार व्यक्त किया है। साथ ही लोहरदगा के आवाम से अपील किया है कि शपथ ग्रहण समारोह में पहुंच कर इसे कामयाब बनायें।

# आदिवासी विरोधी है गठबंधन सरकार : प्रतुल शाहदेव

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा प्रखंड स्थित पथ निर्माण विभाग के प्रशाल में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता कर कहां की पूर्व की हेमंत सरकार और तत्काल की चंपाई सरकार लातेहार और एससी समाज का विरोधी है साथ ही श्री शाहदेव ने कहा कि बसंत सोरेन का क्यों नहीं मंत्री पद का टिकट कटा यह सरकार केवल और केवल सोरेन परिवार की सरकार है। यह सरकार आदिवासी विरोधी भी है ओबीसी विरोधी भी है। जो लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम को राजभवन से वारंट मिलने के बावजूद भी रास्ते से ही उनको ड्रॉप किया जाता है। जो बहुत ही निंदनीय है आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ था। जो राजभवन से



वारंट मिलने के बाद भी मंत्री पद का शपथ नहीं लेने दिया गया। इस कार्य से लातेहार की जनता को भी यह सरकार ठगने का काम किया है। जिसका लातेहार की विरोध करते हैं। यह कहा जाये कि यह सरकार सभी समाज का विरोधी है अभी यह सरकार कह रही है कि जातीय जनगणना होगी जातीय जनगणना केवल लॉलीपॉप जैसा दिखायी दे रहा है। क्योंकि 10 से 15 दिनों में लोकसभा चुनाव का तिथि आ जायेगा। तब यह सरकार रहेगी कि हमने तो कहा था जो करने को भी तैयार था, परंतु चुनाव का समय आ गया अभी चुनाव के बाद जरूर करेंगे ऐसा कह कर यह सरकार झारखंड की जनता को ठगने का काम कर रही है और यह सरकार केवल और केवल सोरेन परिवार की सरकार हो गयी है। इस अवसर पर चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, देव मोहन सिंह, दीपक कुमार, कृष्ण कुमार, मनीष कुमार चांदो समेत कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कमेटी के निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत के धोबाली गांव में न्याय मार्च निकला। न्याय मार्च में जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव व अल्पसंख्यक मोर्चा के मंसूर अंसारी विशेष रूप से उपस्थित हुए ।मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा। जिस तरह से एक सीधे-साधे आंदोलनकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई, झारखंड की सभी जनता समझ रही है, इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। साथ ही कहा कि जिस तरह से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को संवारने में लगे थे और जिस तरह से यहां विकास की धारा बह रहे थे। यही बात भाजपा वालों को नहीं पच रही थी।

# डिवाइन स्पार्क स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** डिवाईन स्पार्क पब्लिक स्कूल के प्रागंण में प्रथम वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया।खेल में जूनियर बच्चों का फ्रॉग रेस ' थोईगद बॉल ' होपिंग रेस '' बस्टींग द बैलून ' पोटैटोरेस आदि, लड़कियों के लिए स्कीपिंग ' स्पून रेस एवं बड़े बच्चों के लिए चेस ' स्लो साईकिल रेस ' कबड्डी एवं क्रिकेट था। पैरेंट्स के लिए म्यूजिकल चेयर एवं सुई धागा रेस कराया गया। इस विद्यालय के सभी बच्चों ने किसी न किसी खेल में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किया। मौके पर वार्ड कमिश्नर दीनेश पाण्डे एवं वी० के० बालान्जिनप्पा ने कहा कि आज के दौड़ में बच्चों को खेलना पढ़ाई के साथ-साथ आवश्यक है। हमारा देश खेल जगत में विश्व भर में नाम कमा



रहा है। कला एवं खेल में हमारे विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया है। खेल के ही कारण कई बच्चों ने नौकरी प्राप्त किया है। सास्कृतिक कार्यकम में भी बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शामी बालान्जिनप्पा, शोभा विश्वकर्मा, चन्द्र शेखर प्रसाद, निकेत साहु, नूरजहाँ, रीतिका, कहकशा , नीदा प्रवीन, पुष्पा रोमा एवं एमान आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा ।

## चार दिन से लापता युवक का शव कुआं में मिला

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सलगी फौदा टोली निवासी लालदेव गंझू 45 वर्ष पिता स्व दीनबंधु गंझू का शव एक कुंआ में मिला। मिली जानकारी के अनुसार लालदेव बीते मंगलवार से घर से अचानक गायब हो गया था, परिजनों को लगा कहीं मेहमानी चला गया होगा। इसी बीच शनिवार की शाम परिजनों को घर के ही कुंवे में शव होने का अंदेशा लगा। जिसके बाद जांच की तो पानी में लालदेव के शव होने की पुष्टि हुई। सूचना पर मौके पर दल बल के साथ पहुंचे कुडू थाना के एएसआई सुरेश उरांव ने शव को बाहर निकलवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

# मनायी गयी संत रविदास की जयंती



**अगर मन में प्रेम और श्रद्धा की भावना हो, तभी भक्ति की जा सकती है : सुनील कुमार सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गईं कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभा में श्रीमती रेणु कुमारी के द्वारा संत रविदास की जीवनी का संक्षिप्त परिचय दिया गया और उनसे संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखायी गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ईश्वर भक्ति को गणित के सूत्र के माध्यम से अपने जीवन में उतार सकते हैं इस अवसर पर सभा कक्ष में रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, अर्चना कुमारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी भंडरा प्रखण्ड की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी अध्यक्ष में प्रखण्ड कार्यालय में संपन्न हुआ । आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी कार्यक्रम में मुख्य रूप से आगामी 27 फरवरी गुमला में बूथ सम्मेलन में एवं लाभार्थी सम्मेलन 27 फरवरी को होना है कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मांडाविया आगमन होना तय है कार्यक्रम में जाने हेतु शक्ति केंद्र की प्रभारी बनाया गया । मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं से बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कार्यकताओं को संगठन के प्रति हमेशा काम करते रहने की बात कहीं। वहीं मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी ने संगठन मजबूती और कार्यप्रणाली पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का सबसे पहला उद्देश्य है हरेक व्यक्ति को साथ लेकर देश हित का कार्य करना।

# समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करूंगा: अनिल टाना भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के भाई अनिल टाना भगत पहुंचे कैरो के खरता गांव, एवंम हनहट एवं ककरगढ गांव पहुंचक कर जनसमस्याओं से हुए अवगत कैरो लोहरदगा झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी अनिल टाना भगत सनीवार को लोहरदगा विधानसभा कैरो प्रखंड क्षेत्र के खरता एवंम अनहट ककरगढ गांव पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए जनसमस्याओं के निपटारे हेतु पहल कराए जाने का भरोसा दिया इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी अनिल टाना भगत के समक्ष आवास वृद्धावस्था पेंशन विकलांगता पेंशन अबुवा अवास



पेयजल सड़क बिजली समेत कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया और इसके निपटारा कराए जाने की बात रखी जिसपर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई समाजसेवी अनिल टाना भगत ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि जनता का स्नेह प्यार मिले तो हर वक्त सकारात्मक सोच के साथ समस्याओं को सूचीबद्ध कर निराकरण कराए जाने हेतु कृतसंकल्पित रहेंगे। अनिल टाना भगत ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए ससमय निष्पादन पर बल देने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे

## शिक्षा के क्षेत्र में लोहरदगा जिला होगा अव्वल : डीइओ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सबों के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में लोहरदगा को अव्वल नंबर पर लाना पहली प्राथमिकता होगी। उपर्युक्त बातें नवपदस्थापित डीईओ सह डीएसई नूर आलम खां ने समग्र शिक्षा अभियान सभा कक्ष में शिक्षक संघ एवं विभागीय कर्मियों से औपचारिक बैठक के दौरान कहा। श्री आलम ने कहा कि शिक्षक व कर्मी भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करेंगे तो नौनिहालों का भविष्य उज्जवल रहेगा। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन एवं लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद ने नए शिक्षा पदाधिकारी का बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए कहा कि संघ भी शिक्षा की बेहतरी के लिए सदैव सहयोग किया है, आगे भी तन मन के साथ सहयोग करेगा। इस दौरान शिक्षक विजय कुमार दास, अरुण राम,सुजीत रजक, महेश प्रसाद,कादिर अंसारी, मोतीउल्लाह प्रवेज, प्रदीप कुमार, तौहिद आलम समेत कार्यालय कर्मी मौजूद थे। इधर निवर्तमान डीएसई अपरूपा पॉल चौधरी को संघ के द्वारा शॉल ओढ़ाकर विदाई दिया गया।

# शब-ए-बारात का त्योहार अमन-चैन और भाइचारा के साथ मनायें : अमित कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** थाना परिसर में शब ए बारात का त्योहार मनाने को लेकर प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि इबादत का त्योहार शब-ए-बारात के मौके पर प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जायेंगे। त्यौहार में खलल डालने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस तथा प्रशासन की पहरेदारी रहेगी। वही अंचलाधिकारी राकेश कुमार



तिवारी ने कहा कि जिस तरह प्रखंड क्षेत्र में सभी पर्व त्यौहार को मिलजुल कर मनाते हैं। उसी तरह शब-ए-बरात को भी अमन चैन से भाईचारा के साथ मनाये। वही बैठक में शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति के सदस्यो ने विभिन्न तरह के आयोजन की जानकारी दी.मौके पर बिस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, एसआइ मनोज कुमार, पंकज यादव, एएसआइ अलबीना लकड़ा के अलावे मिथलेश मिश्रा, शौकत अंसारी, फज्ल अब्बास, नंदकिशोर शुक्ला, मुनेश्वर प्रसाद साहु, गुजरात खान,सरिता भगत, बालेश्वर उरांव सहित शांति समिति के सभी अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मनायी गयी शिरोमणि संत गुरु रविदास की जयंती

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में दिन शनिवार को शिरोमणि संत गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पंडाल बनाकर चित्र व प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना करते हुए शिरोमणि संत गुरु रविदास जी को याद किया गया। वहीं पूजन के कार्यक्रम में पुरुष,महिलाएं एवं ज्यादातर बच्चे एवं बच्चियों ने भाग लिया। वहीं प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीण बैंक के सामने, दुबजरवा टोला, जमुना, पल्हेया, बंदूआ, जुंगुर, समेत विभिन्न गांव में जयंती समारोह का आयोजन किया गया था।

# श्रम मंत्री भोक्ता से मिले झारखंड आंदोलनकारी के केंद्रीय सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** राज्य सरकार के मंत्री माननीय सत्यानंद भोक्ता से उनके रांची स्थित आवास पर शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी केन्द्रीय सचिव सह राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अलीहसन अंसारी ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात के दौरान गुलदस्ता देकर भेंट की, और उन्हों ने चौथी बार राज्य सरकार में मंत्री बनने पर उन्हें मुबारकबाद दी। साथ ही लातेहार जिले के कई मुलभुत मजदुरो के हित में रोजगार सृजन करने और



बुनियादी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। वहीं केन्द्रीय सचिव श्री अंसारी ने झारखंड आंदोलनकारीयो के द्वारा बरवाडीह के मंडल में रखें गये कार्यशाला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आने का न्यौता दिया ।

## संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनायी गयी

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को संत रविदास की जयंती धूम धाम से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाचार्य व वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्ज्वलन कर-के व संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पर्पित करके किया गया। श्रीमान देवा उरांव जी ने संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्होंने बताया कि,संत रविदास महान समाज सुधारक थे। अपने कार्यों से वो समाज को नई दिशा दिखायी। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने भी संत रविदास (रैदास) जी के बारे में विस्तृत रूप में बताया तथा कहा की संत रविदास को भक्ति भाव में गहरी रुचि थी । भैया बहनों के द्वारा व जयंती प्रमुख शांति नाग,विनोद आचार्य व प्रभा दीदी जी द्वारा भी संत रविदास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।



# महारैली में जुटेंगे हजारों की संख्या आदिवासी : रोशन बरवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** आगामी 26 फरवरी को आदिवासी एकता मंच बसिया के द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आदिवासी एकता मंच के मुख्य संरक्षक सह कॉग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा ने कहा कि आदिवासियों का प्रमुख मुद्दा जल जंगल जमीन, विस्थापन, आदिवासी पहचान सरना, मसना, भाषा, धर्मकोड,वनाधिकार कानून, सी एन टी,एस पी टी एक्ट, पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून में छेड़ छाड़ आदिवासियों को धर्म के नाम पर बटवारा, लैंड बैंक,ऑनलाइन जमीन में भारी गड़बड़ियों में शिविर लगाकर सुधार,भारत माला प्रोजेक्ट को रद्द करने, सरना कोड देने जैसे मांगो को लेकर यह रैली आयोजित किया गया है । उन्होंने कहा कि आदिवासी देश के प्रथम नागरिक हैं लेकिन आज भी अपने पूर्णतः अधिकारों से वंचित हैं।

आदिवासी समाज आज भी अपनी पहचान भाषा संस्कृति को बचाने के लिए संघर्षरत हैं आज हमारी भाषा, संस्कृति, पहचान आजीविका, प्राकृतिक संसाधनों व नौकरियों को साजिश के तहत लूटा जा रहा है,आदिवासियों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हें भी बिचौलियों द्वारा लूटा जा रहा है।सीएनटी कानून के वाबजूद भी आदिवासी जमीन की धड़ल्ले से बिक्री हो रहा है व अनेकानेक शोषण आदिवासी समाज पर हो रहा है आज झारखंड के 34 जनजातियों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है तब ही हमारा वजूद रहेगा ।

आदिवासी एकता मंच इन्ही मुद्दों को लेकर 26 फरवरी को बसिया में विशाल आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया है जिसमे हजारों की संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे।

# शबे ए बरात आज, रात भर जाग कर इबादत करेंगे मुस्लिम धर्मावलंबी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शबे बरात को लेकर शहर की सभी मस्जिदों की साफ सफाई और सजावट देखने योग्य हैं। वहीं कब्रस्तान की सफाई के साथ साथ बिजली व पानी का बेहतरीन इंतजाम किया गया है। इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने बताया कि यह त्यौहार बड़ा ही मर्तबा वाला है। इस रात को जाग कर मुस्लिम समाज के लोग नमाज और कुरान पढ़ते हैं। साथ ही कब्रस्तान में जाकर अपने पूर्वजों की कब्रों के समीप फातिहा पढ़ कर उनके बख्शिश की दुआ करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस रात को जो भी बंदा अपने रब को राजी करने के लिए इबादत करते हैं उनके सभी गुनाह माफ किए जाते हैं। जामा मस्जिद के इमाम जनाब ऐनाम रब्बानी ने बताया कि शबे बरात के दिन स्नान करना अच्छे कपड़े पहनना सुरमा अतर लगाना मिस्वाक करना कबरों की जियारत करना, अपने मरहूमिन के लिए दुआ करना फातिहा करना, बीमार का जाकर हाल-चाल लेना, गरीबों की मदद करना, नफिल नमाज और दिगर नमाज अदा करना कुरआन की तिलावत करना और अपने प्यारे नबी पर दरूद और सलाम पढ़ना और रो-रो कर अपने रब से दुआ करना बुजुर्गों का अमल रहा है। हमें भी इस राह को अपनाना चाहिए। इस मौके पर पूर्व सचिव अंजुमन इस्लामिया गुमला शहजाद अनवर ने कहा कि लिए हम सब मिलकर अपने दिलों से एक दूसरे के लिए सिर्फ प्यार ही प्यार करने का अहद करें। अपने शहर राज्य और देश के लिए अमन और सलामती का दुआ करें। शबे ए बारात के मौके पर हुसैन नगर स्थित मस्जिद फैजाने रजा में 25 फरवरी की रात 11:30 बजे विशेष नमाज सलातुल तस्वीह जमाअत के साथ अदा की जाएगी। सेक्रेटरी मकसूद आलम ने कहा कि इस मुबारक रात को इबादत वाली रात बनाएं। इबादत के लिए मस्जिदों एवं कब्रिस्तान की अच्छे तरीके से साफ सफाई कराई गई है। उन्होने अवाम का शुक्रिया अदा किया कि आवाम के सहयोग से यह संभव हो सका है।

## कोनबीर भिखारिएट क्रुसवीर रैली कार्यक्रम आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कोनबीर भिखारिएट क्रुसवीर रैली 2024 कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के दलमादी पारिस में कोनबीर भिखारिएट के डीन फादर मतियस टोप्पो के अगुवाई में पवित्र मिस्सा अनुष्ठान कर शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित फादर जोसेफ बेक ने संदेश देते हुए कहा कि क्रुसवीर के बच्चे योद्धा है। हम अपने माध्यम से ईश्वर को ग्रहण करते है और दूसरे को देते है।हमलोगो के इस दुनिया मे आने का मकसद ईश्वर के प्यार को अनुभव करना और प्यार को बांटना है।जब हम ईश्वर के प्यार को अनुभव नहीं करते है तो हमारा जीवन व्यर्थ है।इस दुनिया मे माँ ही सबकुछ होती है।माँ के बगैर हम नहीं रह सकते है।हम जैसे जैसे बड़े होते है हम ईश्वर के प्यार को भूल कर भटक जाते है अपने माता पिता के बातो को नही मानते है।माता पिता के कर्ज को हम कभी नही चुका सकते है। कार्यक्रम में कोनबीर भिखारियेट के अंतर्गत आने वाले कोनबीर नवाटोली के संत जोसेफ , संत बियान्नी कोनबीर, उसुर्लाइन कॉन्वेन्ट कोनबीर , आर सी विद्यालय दलमादी,आर सी मिडिल स्कूल तुरबुगा, संत जॉन कलिगा,आरसी मिडिल स्कूल अघरमा,आरसी मिडिल रामपुर के बच्चो के बीच क्विज प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, झांकी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

## कृषि, बागवानी और पशुपालन मेला आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईचा गांव में प्रदान संस्था के द्वारा पंचायत स्तरीय कृषि, बागवानी एवं पशुपालन मेला का आयोजन शनिवार को किया गया। मेला में विशेष रूप से बागवानी किसानों, पशुपालक से चर्चा किया गया। खेती-बारी में आने वाली समस्या, अच्छी पैदावार ना होना, आमदनी में वृद्धि सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर लाभुकों को जानकारी दिया गया। एफपीओ घाघरा द्वारा संचालित बाजार व्यवस्था को भी समझाया गया व एफपीओ के माध्यम से विभिन्न आजीविका से जुड़ने जैसे मशरूम उत्पादन, पशुपालन से जुड़ कर अच्छी मूल्य प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। संस्था के लोगो ने बताया कि अभी तक प्रखंड के लगभग 10 गांव में इस तरह का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व पारम्परिक वेशभूषा के साथ नृत्य व गान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया बिनीता कुमारी, अजित मणि पाठक, आदित्य भगत, संतोषी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# पिकअप और बाइक की भिड़ंत में दो युवक की मौत, एक रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की रात 10 बजे पिकअप और बाइक में हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया। जहां उपचार करने के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक तीन युवक एक ही बाइक में सवार होकर टोटो की ओर से गुमला की ओर आ रहे थे। तभी टोटो पेट्रोल पंप के समीप पिकअप से बाइक की सीधी भिडंत हो गई। जिसके बाद पिकअप बाइक सहित दो युवक को रौंदते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में डांन टोली निवासी आदर्श उर्फ चीकू गोप 21वर्ष और अनुज उरांव 15 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि केसी पारा निवासी इंद्रजीत बड़ाइक पिता कष्टु बड़ाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एस आई दबंग पांडे दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायल युवक को सदर अस्पताल भिजवाया। और दोनों मृतक को ऑटो से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक डांड टोली निवासी चीकू गोप केसी पारा के समाजसेवी संजय टाइगर के यहां रहता था और उसका साला लगता था। वही शुक्रवार को गृह प्रवेश कार्यक्रम था जहां जहां तीनों उपस्थित थे लेकिन तीनों युवक कब और क्यों टोटो की ओर चले गए किसी को नहीं पता चला। शनिवार को दोनों मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## बाइक चालक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर दोनों घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिसई रोड स्थित उर्सु लाइन कॉन्वेंट स्कूल के समीप बाइक सवार कोल पारा घट्टा देवाकी निवासी समीर मिंज ने साइकिल से चल रहे व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल सवार भूखा टोली देवाकी निवासी रोपा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना में बाइक चालक भी जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक साइकिल सवार रोपा उरांव आरकेडी कंस्ट्रक्शन में चल रहे फोरलेन रोड में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। वही शनिवार की शाम काम समाप्त कर अपने भाड़े के घर चेटर लौट रहा था तभी बाइक चालक ने पीछे से उसे जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में साइकिल सवार व्यक्ति का एक पैर टूट गया।

# अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** अवैध बालू खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए बीते शुक्रवार रात दस बजे डीएमओ विभुति कुमार व सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान में चालाक सहित हाईवा वाहन जेएच 01 एफबी 0036 को जब्त किया गया। केस दर्ज कर हाईवा चालक नगड़ी, रांची निवासी मो तोसिफ को शनिवार को जेल भेज दिया गया। इस बाबत थानेदार संदीप कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार रात दस बजे थाना क्षेत्र के बिरहोरटोली बरगांव से बालू लदे एक हाईवा को पकड़ा गया। हाईवा चालक से वैध बालू चालान व कागजात की मांग की गई। चालक द्वारा कोई कागजात नही दिखाने पर वाहन सहित उसे थाना लाया गया। जहां पुछताछ में उसने अपना नाम मो तोसिफ पता रांची जिला के नगड़ी थाना नगड़ी गांव व वाहन के मालिक का नाम इमरोज अंसारी नगड़ी निवासी होने की जानकारी दी गई। डीएमओ के द्वारा सिसई थाना में अवैध बालू खनन, परिवहन को लेकर वाहन, वाहन मालिक, चालक पर केस दर्ज कराया गया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को चालक को जेल भेज दिया गया है।

## नव पदस्थापित इंस्पेक्टर और एसआइ को अलग अलग थानों का प्रभार सौंपा : सौरभ

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** जिले में एक साथ सभी थानों को नए प्रभारी मिले हैं एसपी सौरभ ने नव पदस्थापित सभी इंस्पेक्टर और एसआई को जिले के अलग अलग थानों का प्रभार सौंपा है। जिसमे एसपी सौरभ ने पुनि विनोद कुमार पासवान को पुनि-सह-थाना प्रभारी सिमडेगा थाना, पुअनि राजदीप कुमार को थाना प्रभारी कोलेबिरा थाना,पुअनि शशि शंकर सिंह को प्रभारी जलडेगा थाना,पुअनि विकास कुमार को थाना प्रभारी बानो थाना,पुअनि मुरताज अंसारी को ओपी प्रभारी बांसजोर,पुअनि जितेन्द्र कुमार को ओपी प्रभारी ओडगा,पुअनि हर्ष कुमार साह को ओपी प्रभारी गिरदा,पुअनि विनायक कुमार पाण्डेय को थाना प्रभारी कुरडेग थाना, पुअनि नवीन कुमार थाना प्रभारी केरसई,पुअनि देवीदास मुर्मू को प्रभारी रेंगरीह थाना,पुअनि विकास कुमार महतो को प्रभारी बोलबा थाना, पुअनि अभिषेक कुमार को थाना प्रभारी महाबुआंग, पुअनि रोहित कुमार रजक को मुफस्सिल थाना,पुअनि दीपेश कुमार को प्रभारी पाकरटांड थाना,पुअनि प्रदीप कुमार महतो को प्रभारी अहातु थाना,पुअनि उपेन्द्र रविदास को एसटी एससी थाना,पुअनि मेरी बीना किस्कू को प्रभारी महिला थाना,पुअनि अभय कुमार सिंह को प्रभारी विधि कोषांग सिमडेगा और पुअनि श्यामनन्दन सिंह को पीसीआर सिमडेगा के प्रभारी रूप में पदस्थापित किया है।एसपी सौरभ ने सभी थाना के नए प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था स्थापित रखने का निर्देश दिया है।

# अपराधियों ने महिला का बदला एटीएम कार्ड, निकाले रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के भरदा गांव की महिला बसंती देवी शनिवार को साइबर ठगी की शिकार हो गई। उसकी लापरवाही के कारण उसके पति बिरजू मुंडा के बैंक खाता से साइबर अपराधियों ने 51 हजार 120 रुपये की निकासी कर ली। इस संबंध में महिला बसंती देवी ने गुमला थाना में लिखित शिकायत करते हुए साइबर ठग की पहचान कर कार्रवाई करने और राशि वापसी की गुहार लगाई है। आवेदन में बसंती देवी ने कहा है कि वह अपने पति बिरजू मुंडा का एटीएम कार्ड लेकर बैंक आफ बड़ौदा का एटीएम में पैसा निकाल रही थी। उसके द्वारा दो तीन बार प्रयास करने के बावजूद जब पैसे नहीं निकले तो उसके पीछे खड़े दो अज्ञात व्यक्ति ने उसका मदद करते की बात करते हुए एटीएम कार्ड ले लिया। एक बार प्रयास किया और पैसे नहीं निकल रहा है कहते हुए एटीएम वापस कर दिया। कुछ ही देर में उसके पति ने कहा कि मोबाइल में मैसेज आया है पैसा निकल गया है। तब महिला ने अपने एटीएम को देखा तो एटीएम कार्ड बदला हुआ था और उसमें प्रभा तिग्गा का नाम है।

## बाइक व बोलेरो की टक्कर में चार युवक हुए घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के वाल्मीकि आश्रम के समीप बाइक व बोलेरो के टक्कर में बाइक में सवार चार लड़के घायल हो गए। जिसमें बाइक चालक तर्री बेहरा टोली निवासी 16 वर्षीय राहुल तिग्गा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके हाथ चेहरा व शरीर के अन्य हिस्से में काफी चोट लगी। जबकि उसका एक पैर भी टूट गया है। घटना के बाद बोलेरो चालक बोलेरो लेकर घटना स्थल से फरार हो गया। वही बाइक में सवार अन्य तीन लड़के को हल्की चोट लगी। राहुल का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक तीनों लड़के एक बाइक में सवार होकर अपने दोस्त को करम डीपा से लेकर शहर की ओर आ रहे थे तभी सामने से आ रहे बोलेरो से सीधी टक्कर हो गई।

# ठग को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर पंचायत में ठगी कर पैसे की निकासी करने वाले एक ठग को ग्रामीणों ने शनिवार को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।ठगी की शिकार संध्या कच्छप ने सिसई थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है की शनिवार को युवक अपना लैपटॉप, मोबाईल,पॉश मशीन लेकर गांव आया। फसल बीमा के वेरिफिकेशन के नाम पर वह शिवनाथपुर पंचायत के कोडेदाग, पंडरानी और चटकपुर गांव में घुम घुम कर लोगों से आधार कार्ड मांगकर वेरिफिकेशन करने की बात कहते हुए दर्जनों ग्रामीणों से पॉश मशीन में अंगुठा लगवा रहा था। इसी क्रम में कोडेदाग गांव की संध्या कच्छप का आधार नंबर डालकर पॉश मशीन में अंगुठा लगवाया और बैंक का नाम पुछा और उसके खाते से 4450 रुपए का निकासी कर लिया, उसके जाने के बाद संध्या ने अपने मोबाइल पर राशि निकासी का मैसेज देखा और इसकी सुचना अपने पति सुकरा उरांव को दी। सुकरा अपने दोस्तों के साथ उक्त युवक को ढूंढने लगा, तब तक युवक पास के चटकपुर गांव में ठगी करने पहुंचा था। इन लोगों को देखते ही वह अपने बाईक जेएच 01 सीई 6615 से भागने का प्रयास कर रहा था जिसे घेरकर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर उसने अपना नाम सौरभ गुप्ता उम्र 30 वर्ष, गांव इटकी मलार, थाना इटकी जिला रांची बताया। साथ ही उसने पंडरानी गांव के बदरु साहु से 7800 रुपए,सुमित उरांव से 5000 रुपए, खिल्ली देवी से 2000 रुपए, बिन्दु देवी से 5000 रुपए व कोडेदाग के संध्या कच्छप से 4450 रुपए, बुधराम उरांव से 1700 रुपए, असरीता उरांव से 100 रुपए की निकासी अंगुठा लगाकर करने की जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा ठग को पकड़ कर इसकी सूचना सिसई पुलिस को दी गई। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है।

## नये थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव हुए सम्मानित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई के नये थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव से शनिवार को झामुमो कार्यकर्त्ताओ ने शिष्टाचार मुलाकात की और बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मो उमर फारूक अंसारी ने नव पदस्थापन की शुभकामनाएं देते हुए सिसई के अमन पसंद माहौल से अवगत कराते हुए क्षेत्र में सौहार्द्र, शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने थाना प्रभारी से आम जनता व गरीबों के हित में और निष्पक्ष भाव से काम करने और जनता पर पुलिस प्रशासन का भरोसा कायम रखने की बात कही। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष जुल्फान अंसारी, सक्रिय सदस्य मो गुलफाम अंसारी,असजद अंसारी, सोनू अंसारी, अली नवाज अंसारी, इस्तियाक अंसारी सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# संत रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** संत शिरोमणि रविदास जयंती जिले में धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाई गई । मोची समाज के जिलाध्यक्ष जितनाथ राम के अगुवाई में हरिपुर मुहल्ला में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों के द्वारा संत रविदास जी के चित्रों पर द्विपपर्वजलन एवं माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विमला प्रधान ने संबोधित करते हुए संत शिरोमणि रविदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रविदास जी का जन्म आज के ही दिन माघ पूर्णिमा को उत्तर प्रदेश के गोबर्धनपुर गांव में एक मोची परिवार में हुआ था उनके माता का नाम कर्मा देवी एवं पिता का नाम संतोख दास था । रविदास चर्मकार कुल के होने के कारण वे जूते बनाने का काम बहुत ही परिश्रम एवं लग्न से करते थे ऐसा करने से उन्हें बहुत खुशी मिलती थी। गुरु रविदास जी मध्यकाल में एक संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि दी गई थी इन्होंने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सजंय ठाकुर ने भी अपने विचारों को रखते हुए कहा कि रविदास जी जन्म ऐसे समय हुआ था जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों शाशन था चारो तरफ अत्याचार, गरीबी, भ्ष्टाचार्र एवं अशिक्षा का बोल बाला था उस समय मुस्लिम शासकों के द्वारा प्रयास किया जाता था कि अधिकांश हिंदुओं को मुस्लिम बनाया जाए उस समय रविदास जी की ख्याति लगातार बढ़ रही थी उनके लाखो भक्त थे जिनमें हर जाति समुदाय के लोग शामिल थे यह सब देखकर एक परिध्द मुस्लिम सदना पीर उनको मुसलमान बनाने आए थे उसका यही सोचना था कि अगर रविदास जी मुस्लिम बन जाते हैं तो उनके लाखो भक्त भी मुस्लिम हो जाएंगे ऐसा सोचकर उन पर हर प्रकार का दबाव बनाया गया था लेकिन संत रविदास तो एक महान संत थे उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं मानवता से मतलब था आज के दिन हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# दो अलग मामलों में मजदूर लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा मल?ई गांव का मजदुर सुखदेव उरांव राजस्थान के पठानकोट जिंदयाल जिला से लापता है। पिछ्ले 8 फरवरी से उसकी कोई खबर परिजनों को नही मिल रही है। पुरे मामले को लेकर मजदूर की पत्नी ने मजदूर संघ सीएफटीयूआईके प्रदेश कार्यालय पहुंच कर लिखित आवेदन दिया है। और मजदुर पति को खोजने की गुहार लगाई है। कई मजदूर सुखदेव उरांव के साथ 2 फरवरी को मजदूरी करने निकले थे और जहां पर मजदुरी करना था उक्त जगह पर सभी पहुंच गए थे। मजदूर सुखदेव उरांव ने साथियों को शौचालय जाने की बात कह कर रुम से निकल गया। लेकिन जब काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो साथियों ने काफी खोजबीन की। लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर मजदूर के पत्नी को इसकी जानकारी साथियों ने फोन कर दी। जिसके बाद लापता मजदूर की पत्नी सुकरो उराईन सहित अन्य लोग गुमला पहुंच कर मजदुर संघ सीएफटीयुआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान को लिखित आवेदन दे कर अपने पति को खोजने में सहयोग करने की अपील की। वहीं सदर थाना क्षेत्र के जना गांव का मजदूर सत्यनारायण उरांव भी लापता हैं।

## आग लगने से युवक जलकर जख्मी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो में घर में चाय बना रहा युवक गैस सिलेंडर का पाइप फटने से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके शरीर के हाथ चेहरा सहित शरीर का कई हिस्सा झुलस गया। तत्काल परिजनों द्वारा घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक टोटो निवासी 32 वर्षीय संजय प्रजापति घर में चाय बना रहा था तभी अचानक गैस का पाइप फट गया और आग लग गई। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके शरीर में तेज जलन से उसकी हालत अत्यंत खराब हो गई।

## नाबालिग ने लगायी फांसी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंडरिया गांव निवासी जोनी कुजूर की 13 वर्षीय पुत्री रीना कुजूर ने शनिवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीना संत जेवियर स्कूल रोशनपुर में आठवीं कक्षा की छात्रा थी। उसके माता-पिता जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करने गए हैं। मृतिका गांव में अपनी बड़ी बहन के साथ दादा- दादी, चाचा-चाची के साथ रहती थी।

## अपील : संत मरियम स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बदलाव लाना है तो मतदान जरूर करें: डीसी

**बेहतर भारत निर्माण के लिए लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को भागिदारी निभानी चाहिए**

## मतदान हर नागरिक का अधिकार, सभी करें मतदान : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को नावाहाता स्थित संत मरियम स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू डीसी शशि रंजन के अलावा डीडीसी रवि आनंद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार और एलआरडीसी मनोरंजन कुमार उपस्थित रहें। सभी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन और गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी अतिथियों को शॉल और बुके देकर स्वागत किया। वहीं, डीसी ने कहा कि सभी को वोट देना आवश्यक है। मतदान सरकार के साथ नागरिक रूप से जुड़ने का एक तरीका है। अपनी आवाज सुनकर और उन लोगों के विचारों का प्रतिनिधित्व करके दुनिया में बदलाव लाना महत्वपूर्ण है जिनके पास कोई आवाज नहीं है। यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। वहीं, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि बेहतर भारत निर्माण के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही अपने घर, समाज को इसके लिए जागरुक करना चाहिए। प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने लोकतंत्र में चुनाव कैसे होते है, चुनाव की प्रक्रिया सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि यदि आप बदलाव लाना चाहते हैं तो मतदान एक बेहतरीन तरीका है। चुनाव में मतदान करने से नागरिकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि देश को बेहतर अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जाती है। वहीं, स्कूल की छात्रा वंशिका गुप्ता, सृष्टि शाह, श्रेयसी सिंह, अराधना कुमारी,रागिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से स्वागत गान गाया। साथ ही श्रेयसी सिंह, वंशिका गुप्ता, आकांक्षा कुमारी, अराधना कुमारी, अंशी कुमार सिंह, साक्षी प्रिया, रागिनी कुमारी, सृष्टि शाह, वैष्णवी, रानी ने संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता गाना प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श,संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडेय आदि उपस्थित थे।



संत मरियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित, डीसी, डीडीसी व अन्य।

# प्रधानमंत्री 26 को करेंगे हैदरनगर, जपला व मोहम्मदगंज से जुड़े कई विकास कार्यों का ऑनलाइन शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैभव के सौजन्य से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल 554 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास सोमवार को होगा। इसके साथ ही 1500 रोड ओवर ब्रिज व अंडरपास का शिलान्यास व उद्घाटन के बाद राष्ट्र को समर्पित करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, नरेंद्र सिंह और सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदयनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत हैदरनगर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास सहित मोहम्मदगंज व जपला स्टेशनों से जुड़े कई कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन भी प्रधानमंत्री और रेलमंत्री करेंगे। रेलवे ने इन स्टेशनों के लिये मुख्य कार्यक्रम केंद्र हैदरनगर स्टेशन परिसर को रखा है। उन्होंने कहा कि पूरे पलामू जिले के सभी योजनाओं व ऑनलाइन लाइव की मॉनेटरिंग सांसद विष्णु दयाल करेंगे। रेलवे की ओर से इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये हैदरनगर स्टेशन परिसर में विशाल पंडाल का निर्माण कराया है। जिसमें आगंतुकों के लिये पानी, रोशनी, चिकित्सा व अन्य सुविधाओं को बहाल रखने को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि सांसद के दिशा निर्देश के तहत पूरे हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है।



उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर बनाया जा रहा पंडाल।

# जपला में ही बनाया जाये परीक्षा केंद्र : विधायक

**जपला एके सिंह कालेज के विद्यार्थियों का सेंटर छतरपुर होने से होगी भारी परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला एके सिंह कालेज में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय-समय पर ली जाती है। 28 फरवरी से होने वाली परीक्षा का केंद्र नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा छतरपुर स्थित गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज कर दिया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जपला के विभिन्न गांव से छतरपुर की दूरी कम से कम 40 किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय दो बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। संपन्न परिवारों के बच्चे-बच्चियां तो निजी वाहन से आना जाना कर लेंगे। पर कालेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आने-जाने या वहां रहने में काफी मुश्किल होगी। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के लगातार फोन कर सेंटर जपला में कराने की मांग की जा रही है। विधायक ने अभिभावकों व विद्यार्थियों की मांग पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से जपला एके सिंह कालेज के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कालेज में करने की मांग की है।



# ओबीसी का मतलब ऑर्गेनाइज्ड बेस्ट कम्युनिटी : ब्रह्मदेव प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित बीएनआर चाणक्या में शुक्रवार को सशक्त झारखंड कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ ही पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच से केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने भी विशेष अतिथि के रुप में कार्यक्रम में भाग लिया। बतातें चलें कि ब्रह्मदेव प्रसाद पिछड़ा वर्ग ओबीसी के अधिकार के लिए झारखंड में आंदोलन छेड़ रखा है। इस कार्यकर्म में उन्होंने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को 11 सूत्री मांग के लिए पत्र सौंपा। साथ ही कहा कि ओबीसी ने इस देश की नींव को हमेशा से मजबूती प्रदान किया है। देश की अर्थ व्यवस्था का स्वास्थ्य ओबीसी समुदाय के हाथों में सुरक्षित है। हमनें देश को हर कुछ दिया, इस लिए राज्य और केंद्र सरकार से मांग है कि हमारी 11 सूत्री मांग को पूर्ण रूप से चालू कर हमें हमारा अधिकार दें, ताकि पिछड़ा वर्ग ओबीसी एक सम्मान जनक जीवन ज्ञापन कर सके। इस मौके पर झारखंड प्रदेश के पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, अजय वर्मा, राकेश कुमार, अख्तर अंसारी,गोरखनाथ चौधरी, बरूण बिहारी, कृपाल कुमार, मनोज चंद्रवंशी और आलोक ठाकुर उपस्थित थे।



# संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है : अक्षय चौहान

**हुसैनाबाद के कई गांवों व शिक्षण संस्थान में मनाई गई संत रविदास की जयंती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** क्षेत्र के झरगड़ा, खरारपर, अलीमदद, कचरा, जपला रविदास नगर, कुशुआ, दंगवार, पूणार्डीह, पोलडीह समेत कई गांवों व शिक्षण संस्थानों में अपने विचारों से संपूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का संदेश देने वाले समाज सुधारक, अंधविश्वास पर प्रकाश डालने वाले व आत्मविश्वास और निष्ठा रखने वाले परमज्ञानी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 647वीं जयंती मनाई गई। शहर के अमनचैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल व मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल परिसर में विद्यालय प्रबंधन के लोगों व छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। समता स्कूल के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास का विचार था कि मन चंगा को कठौती में गंगा। हम अपने मन के विकारों को दूर किए बिना ईश्वर की आराधना नहीं कर सकते हैं। हम सभी को नशापान से दूर रहकर शिक्षा और एकजुटता के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। मौके पर समाजसेवी मनदीप राम, रामजी राम, बुधन राम, शिवलाल राम, मुखिया विजय राम, श्रवण राम, मनोज भारती, मिथुन कुमार, पियूष सुमन, वीरेंद्र राम, भीम कुमार संतोष राम, राजकुमार दिग्यविजय प्रकाश, अमन भारती, पप्पू कुमार और दीपक कुमार आदि मौजूद थे।



## न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस साल अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है। ढउइ के अधिकारी ने पुष्टि की कि तारीखों और स्थानों को अंतिम रूप देने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट एसोसिएशन के साथ बातचीत चल रही है, लेकिन विंडो 13 से 24 अप्रैल तक होगी। अधिकारी के मुताबिक सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए आयोजित की जा रही है। बतातें चलें कि इस साल सीरीज के मुकाबले मुख्य रूप से लाहौर और रावलपिंडी में खेले जा सकते हैं, क्योंकि कराची लगभग उसी समय पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की विमेंस टीमों के बीच एक सीरीज की मेजबानी करेगा। गौरतलब हो कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को इसी साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी-20 मैच की सीरीज में 4-1 से हार मिली। न्यूजीलैंड की मेजबानी में हुई सीरीज में 12 जनवरी से 21 जनवरी तक मुकाबले हुए। इसमें पहले 4 टी-20 न्यूजीलैंड जीता, वहीं, आखिरी मुकाबला पाकिस्तान ने जीता।




# इंडियन रोटी बैंक फेम दीपक के पिता का निधन, पंचतत्व में हुए विलीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक फेम दीपक तिवारी के पिता अखिलेश तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार की सुबह ब्रेन हेमरेज के बाद पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उस समय उनके दोनों पुत्र सेवादार दीपक तिवारी और व्यवसायी रंजीत तिवारी भी मौजूद थे। इस खबर से रेड़मा में शोक की लहर है। अखिलेश तिवारी अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं चार पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। शनिवार को पंपूकल घाट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र रंजीत तिवारी ने दिया। लोगों ने बताया कि पिता को अपने बेटे दीपक की सेवादारी पर गर्व हुआ करता था। उनके आंगन में इंडियन रोटी बैंक द्वारा संचालित निःशुल्क डिजिटल स्मार्ट क्लास में गरीब बच्चों को पढ़ता देख हर्षित होते थे। वहीं, प्रसिद्ध व्यवसायी सोनू नामधारी, भाजपा नेता किशोर पाण्डेय, डीएवी के प्राचार्य डॉ जीएन खान, अविनाश देव, विजय तिवारी, शेखर मेहता, झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, सुनील तिवारी, सन्नू सिद्दीकी, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सन्नी शुक्ला, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, आप नेता राकेश तिवारी, युवा नेता राहुल दूबे, युवा वाहिनी प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, भार्गव सेना जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला, मुकेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश, केतन आनंद, श्रवण पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, नीरज कुमार, नीलकमल मेहरा और दिवाकर सिंह आदि ने शोक प्रकट किया है।



# एक महीना बाद भी शुभम गुप्ता के हत्यारे को नहीं पकड़ पायी पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता की हत्या के एक महीना से अधिक समय बीत चुका है। इसके बाद भी उसके हत्यारों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। बतातें चलें कि विगत 18 जनवरी को छतरपुर बाजार में दिनदहाड़े शुभम गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसे लेकर मृतक की मां सदमे में है और पिता शंकर प्रसाद गुप्ता, भाई सौरव गुप्ता सहित अन्य परिजन काफी आहत हैं। शनिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातें करते हुए परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए शुभम के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी तक इस मामले में विफल रही है। पुलिस द्वारा मामले का खुलासा नहीं करने के कारण समाज में तरह-तरह की अफवाएं उड़ रहे हैं। जिससे उनके मान-प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही हैं। मृतक के पिता ने कहा कि एक माह बाद भी पुलिस मेरे दिवंगत पुत्र का मोबाइल भी नहीं खोल सकी है, जो निराशाजनक है। वहीं, समाजसेवी संतोष प्रजापति वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल ने बताया कि शुभम हत्याकांड में अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर हरिहरगंज बाजार बंद किया गया था। बाद में पलामू एसपी द्वारा अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। बावजूद इसके अभी तक हत्याकांड का खुलासा नहीं हो सका है। इससे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा करे और अपराधियों की गिरफ्तार करे, अन्यथा चरणबद्ध आंदोलन होगा।

## स्पोर्ट्स

**भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपिनयशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को 3-0 से करारी शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अरने मुकाबले जीते। हालांकि पुरुष टीम को हार का सामना करना पड़ा है।**

## 11 दिन पहले यूडब्ल्यूडबल्यू ने हटाया था प्रतिबंध, अंडर-23 नेशनल चैंपियनशिप टालने का फैसला

# डब्ल्यूएफआइ ने 10-11 मार्च को नेशनल ट्रॉयल बुलाया, नयी दिल्ली में होगा सिलेक्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विवादों में चल रही रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआइ) ने भारतीय टीम को नेशनल ट्रॉयल के लिए बुलाया है। 10 और 11 मार्च को होने जा रहे ट्रायल एशियन चैंपियनशिप और ओलिंपिक क्वालिफायर के लिए भारतीय टीम को चयन के लिए बुलाया गया है। हालांकि फेडरेशन में अपने लेटर हेड से 'खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त' इस लाइन को काट रखा है। दूसरी ओर, भारतीय ओलिंपिक संघ की ओर से गठिन एडहॉक कमेटी ने पटियाला में होने जा रही अंडर-23 नेशनल चैंपियनशिप को टालने का फैसला किया है। यहां बता दें कि चुनाव के बाद खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआइ को निलंबित कर रखा है और मंत्रायल के निर्देश पर भारतीय ओलिंपिक संघ ने एडहॉक कमेटी का गठन किया है। अब दोनों समानांतर काम कर रहे हैं।




### संजय सिंह ने अनीता को हराया था

21 दिसंबर को भारतीय रेसलिंग संघ के चुनाव में संजय सिंह ने अध्यक्ष पद पर कॉमनवेल्थ चैंपियन रेसलर अनीता श्योराण को 33 वोट से हराया था। संजय को 40 वोट मिले थे, जबकि अनीता को 7 वोट ही मिले थे

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने हटाया था डब्ल्यूएफआइ का निलंबन

11 दिन पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडबल्यू) ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को सशर्त बहाल किया था। वर्ल्ड बॉडी ने कहा था कि डब्ल्यूएफआइ को एक जुलाई 2024 तक फिर से फेडरेशन के लिए चुनाव कराने होंगे। इतना ही नहीं, खिलाड़ियों की भागीदारी में गैर-भेदभाव की लिखित गारंटी भी देनी होगी।

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू का सस्पेंशन हटा, लेकिन खेल मंत्रालय से अब भी निलंबित

भले ही रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने सस्पेंशन हटा दिया है, लेकिन भारतीय खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआइ को अब भी सस्पेंड कर रखा है और भारतीय ओलिंपिक कमेटी (आइओए) की एडहॉक बॉडी डब्ल्यूएफआइ के समानांतर काम कर रही है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने चुनाव के बाद रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की नई बॉडी को सस्पेंड कर दिया। 24 दिसंबर को मंत्रालय ने भारतीय ओलिंपिक संघ से रेसलिंग फेडरेशन के मामलों के मैनेजमेंट के लिए एडहॉक कमेटी बनाने को भी कहा था और आइओए ने एडहॉक कमेटी भी बना दी है।

# लाभार्थी संपर्क को लेकर भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर शनिवार को हरिहरगंज में भाजपा ने कार्यशाला आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम और संचालन महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। कार्यक्रम संयोजक अरुण मिश्रा, सह संयोजक अरविंद पासवान और राजेश यादव द्वारा लाभार्थी संपर्क की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बूथ स्तर के सभी लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मौके पर पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सत्येंद्र पासवान, विजय यादव, भीमसेन शर्मा, सिकंदर पासवान, विजय मिश्रा, रेणु देवी, रुबी सिंह, रानी देवी, ज्योति कुमारी, सनोज गुप्ता, विनय विश्वकर्मा, कन्हाई विश्वकर्मा, चंदन जयसवाल, महेंद्र पासवान, रामाशीष यादव, संजय पासवान, संतोष सौणडिक, अनिल साव धनंजय सिंह, बूथ संजयोक रामवली पाल, सिकंदर ठठेरा, संजय मेहता, अर्जुन यादव, ललन यादव, गौतम सिंह, छोटु सिंह, सुरेंद्र सिंह, पवन कुमार, मनोज सोनी, संजीव सिंह, तुषार गुप्ता, माखन साव, ओमप्रकाश सिंह, राजेश सौंडिक उपस्थित थे।

अपील : बरमसिया के प्राण जीवन एकेडमी में पुलिस पाठशाला की शुरुआत

# सोशल मीडिया और मोबाइल के इस्तेमाल में सावधानी बरतें: एसएसपी जनार्दनन

**समाज को सुरक्षित बनाने में छात्र-छात्राओं का अहम योगदान**

आजाद सिपाही संवाददाता





पुलिस की पाठशाला में उपस्थित धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन व अन्य। पाठशाला में उपस्थित स्कूली बच्चे।

**धनबाद।** एसएसपी एचपी जनार्दनन ने धनबाद के बरमसिया स्थित प्राण जीवन एकेडमी में शनिवार को आयोजित पुलिस की पाठशाला की शुरूआत की। उन्होंने 10वीं व 12वीं के बच्चों को उनके भविष्य को लेकर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने को लेकर जरूरी सुझाव दिए। वहीं, छात्रों द्वारा पुलिस के काम काज पर पूछे गये सवालों का भी जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने मोबाइल, सोशल मीडिया के बढ़ते प्रचलन पर भी छात्रों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्हें सोशल मीडिया और मोबाइल के इस्तेमाल में सावधानी बरतने को कहा गया। एसएसपी ने कहा कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। फोन में किसी भी एप का पासवर्ड सेव नहीं करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को यातायात नियमों के अलावे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने सहित पोक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। एसएसपी ने कहा कि यही बच्चे कल के भविष्य हैं। यदि पुलिस की ओर से किए जा रहे सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से छात्र-छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम सामने आएंगे। छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जाएगी उनका भविष्य निर्माण भी उसी अनुरूप होगा। आम जनता के साथ ही स्कूली बच्चों के बीच बेहतर पुलिसिंग को लेकर पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को सुरक्षित बनाने में छात्र-छात्राओं का अहम योगदान होता है। उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना होगा। एसएसपी ने बताया कि जिले में बेहतर पुलिसिंग देना उनका पहला कर्तव्य है। कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देना है।

## रघुकुल और सिंह मेंशन समर्थकों में वर्चस्व को लेकर फिर संघर्ष, गोलीबारी में एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक में संचालित सिंह नेचुरल के कोयला डिपो में डीओ कोयला के उठाव में वर्चस्व को लेकर एक बार फिर से गोलीबारी की घटना घटित हुई। जिसमें स्थानीय एक व्यक्ति को गोली लगी है। इसकी सूचना पाकर पुलिस और सीआइएसएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। उनके हस्तक्षेप के बाद लोडिंग कार्य चालू कराया गया है। बतातें चलें कि सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थक आपस में वर्चस्व को लेकर अक्सर इस तरह की घटना को अंजाम देते रहते है। इन दोनों घरानों की वर्चस्व की लड़ाई में हुई गोलीबारी में रघुकुल समर्थक सोनू यादव को हाथ में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सिंह मेंशन समर्थक गोलू रवानी ने विपक्षियों पर पहले हमले एवं गोली चलाने का आरोप लगाया है। सूत्रों की मानें तो हंगामा दोनों हुए से हुए संघर्ष में दर्जनों ट्रकों के शीशे तोड़ दिए गए हैं। हालांकि स्थिति अभी सामान्य है। प्रशासन आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

## प्रधानमंत्री 26 को करेंगे धनबाद रेल मंडल में स्टेशनों के आधुनिकीकरण का ऑनलाइन शिलान्यास-उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए धनबाद रेल मंडल में स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज/सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण कार्य का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगें। इसकी तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इसकी जानकारी धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने दी। वे शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर पास/सीमित ऊंचाई सबवे के अद्वितीय फायदों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार और वरीय जनसंपर्क अधिकारी आदि उपस्थित थे। बतातें चलें कि देशभर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज/ अंडरपास का उद्घाटन व शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री द्वारा सोमवार को किया जाना है।

## पंचायत क्षेत्रों में और तेज होगी विकास कार्यों की गति: गिरिजा



**बेरमो प्रमुख ने किया लोहिया सामुदायिक भवन का उदघाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल/बेरमो।** गोविंदपुर एफ पंचायत स्थित लहरियाटांड लोहिया समुदाइक भवन का 15वें वित्त आयोग मद से जीर्णोद्धार व रंगरोगन दो लाख 50 हजार रुपए की लागत से किया गया। जिसका उद्घाटन शनिवार को बेरमो प्रखंड प्रमुख सह भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गिरजा देवी ने किया। उन्होंने कहा कि यह लोहिया समुदाइक भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। जिस कारण पंचायत के लोगों को शादी, विवाह, बैठक आदि कार्यक्रम करने में काफी परेशानी हो रही थी। इस समुदाइक भवन का जीर्णोद्धार व रंगरोगन हो जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। इसके अलावा कहा कि पंचायत में ग्रामीणों की समस्याओं के मद्देनजर विकाश कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए पंचायत स्तर पर जल्द से जल्द समाधान करवाने का भी आश्वासन दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य शहजादी बानो, पंसस बेबी रजक, वार्ड सदस्य कांति देवी, अनिता देवी, उर्मिला देवी, किरण देवी, बिरसा रजक, माणिक चंद प्रजापति आदि उपस्थित थे

## झामुमो ने किया हर्ल के सभी गेट का चक्का जाम

**विभिन्न मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने से नाराज होकर अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन की शुरूआत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने चार सूत्री मांगों को लेकर सिंदरी के हर्ल कारखाने के मुख्य द्वार सहित सभी गेट जाम कर धरने पर बैठ गए। पूर्व घोषित गेट जाम आंदोलन में जरूरी सुविधाओं मेडिकल, सुरक्षा, बिजली एवं आपातकालीन सुविधाओं को मुहैया कराने की छूट भी दी है। झामुमो धनबाद के महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने बताया कि विगत 25 जनवरी को हर्ल प्रबंधन को पत्र देकर चार सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल के लिए आग्रह किया गया था। स्थानीय व विस्थापितों को 75 फीसदी संविदा और स्थायी क्षेत्रों में नियोजन, कार्यरत श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, कार्यरत श्रमिकों को स्थायी करने तथा यूरिया ट्रांसपोर्ट का काम आदिवासियों मूलवासियों को देने की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि हर्ल प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल नहीं किए जाने के कारण अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन शुरू किया गया है। वहीं, झामुमो के धनबाद महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल ने बताया कि परियोजना में कुल 11 द्वार है। सभी द्वारों पर झामुमो समर्थक धरना दे रहे हैं, जिस कारण आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है।

## गोमिया की झिरकी बस्ती में जहरीली गैस रिसाव से लोगों में दहशत : लंबोदर महतो

**- गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर किया आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध**
**- जर्जर सड़क की ओर भी ध्यान कराया आकृष्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर बताया कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत झिरकी बस्ती झरिया बनने की ओर अग्रसर है। जान-माल क्षति नहीं हो, इसे लेकर तुरंत आवश्यक कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि झिरकी बस्ती यादव टोला व मुस्लिम टोला के समीप सीसीएल के कथारा कोलियरी क्वांरी नंबर तीन के खदान में भू-धंसान हो गया है। इसमें आग लगी हुई है, जो घातक है। जहरीली गैस का रिसाव तेजी से हो रही है। इस वजह से वहां के लोगों को सांस लेने में कठिनाइ हो रही है। हजारों लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। आसपास के इलाकों में भय व दहशत का माहौल है। इसका पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। बावजूद इसके सीसीएल प्रबंधन की उदासीनता बनी हुई है। लगे आग व गैस रिसाव को स्थायी रूप से रोकने की दिशा में राज्य सरकार व प्रबंधन को शीघ्र समुचित कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की अत्यंत जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए उनसे गंझडी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी पथ, ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नु सड़क की चर्चा कर उन्हें इस बात से अवगत कराया कि इन सभी सड़कों का सर्वे/डीपीआर बनने के बाद तकनीकी स्वीकृति हो गई है। पर। प्रशासनिक स्वीकृति पथ निर्माण विभाग में लंबित है। इस कारण इन सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण नहीं हो पाया है। कई जिलों के लाखों ग्रामीण को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासनिक स्वीकृति देने आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि कि इन सभी विषयों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक व समुचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया है।

## खराब गुणवत्ता वाली सड़क बनाने पर ग्रामीणों का हंगामा, चार घंटे रोका काम



**धनसार (आजाद सिपाही)।** शिमलाबहाल बस्ती से भालगोरा तक बन रहे सड़क में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शनिवार को स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही चार घंटे तक निर्माण कार्य रोक दिया। वहां मौजूद ठेकेदार के सुपरवाइजर अनिवेश मिश्रा ने कार्य में सुधार लाने की बात कही, जिसके बाद काम शुरू हुआ। बस्ती के बबन झा, साबिर अंसारी, बबलू टाइलस और महेश शाह का कहना है कि इस सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा बहुत कम मिलाया जा रही है। गिट्टी के डस्ट का उपयोग अधिक से अधिक किया जा रहा है। सड़क बने दो दिन ही हुए हैं और उसमें दरार आने लगी है। सड़क में गिट्टी दिख रही है। ठेकेदार बालू की जगह डस्ट ज्यादा डाल रहा है। सीमेंट और डस्ट का कलर एक होने के कारण ही सीमेंट कम डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग डीसी से की है। कहा कि अगर सड़क निर्माण में सुधार नहीं लाया गया तो कार्य को फिर रोक दिया जाएगा। बतातें चलें कि डीएमएफटी योजना अंतर्गत झरिया केंदुआ मेन रोड से भालगोरा पांच नंबर रूरल बस्ती तक एक करोड़ रुपये की लागत सड़क निर्माण हो रही है। जिसका उद्घाटन धनबाद के सांसद पीएन सिंह और झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने की थी।

## पड़ोसी पर मारपीट कर घायल करने का आरोप, शिकायत

**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया श्याम मंदिर रोड निवासी सन्नी गुप्ता ने वहीं के शंकर ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, अविनाश ठाकुर, सरिता ठाकुर, प्रियंका ठाकुर, बिट्टू ठाकुर पर तलवार, हॉकी से हमला घाटल करने, छिनतई, महिलाओं से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। सन्नी ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी सुबह से ही गालीगलौज कर रहे थे। अपराह्न तीन बजे अचानक सभी अपने छत से उनके छत पर आकर हमला कर दिया। जब इसकी शिकायत करने थाना पहुंचा तो वहां घंटों खड़ा करा दिया गया। बाद में आवेदन लिया गया। इसके बाद से वह अस्पताल में इलाजरत है। पर अब तक आरोपियों पर पुलिस ने कोई कारवाई नहीं की है। सन्नी ने आरोप लगाया कि जितेंद्र नामक व्यक्ति आरोपियों का सहयोगी, जिसकी पुलिस में पकड़ है। वहीं झरिया थानेदार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सिंदरी में मनायी गयी संत रविदास की जयंती




**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को रविदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पुलिस के पूर्व सहायक उप निरीक्षक रामचंद्र पासवान, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, वरिष्ठ आचार्य डॉ भास्कर झा, कार्यक्रम प्रमुख पंकज कुमार तिवारी आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रामचंद्र पासवान ने कहा कि संत रविदास एक महापुरुष थे। जिन्होंने संपूर्ण सनातनी संस्कृति को एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को आपस में मिलकर कार्य करने का संदेश दिया। वहीं, डॉ भास्कर झा ने कहा कि जब सनातन धर्म का ह्रास हो रहा था। तभी भगवान के अवतार के रूप में संत रविदास का जन्म हुआ। जिन्होंने सनातन धर्म को ना सिर्फ सुरक्षा दी, बल्कि सनातनी संस्कृति के पोषक भी बने। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को निर्विकार निर्गुणी होने के साथ परिश्रमी होने का संदेश दिया। इस अवस रप प्रभात महतो, प्रियांशु ओझा, रूबल खत्री, गौतम कुमार, मुकुल कुमार महतो, राजकुमार, अर्क वाल्मीकि ने रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन सरोज तिवारी एवं मंच संचालन लक्की कुमार ने किया।

## सीआरएम-3 में सुझाव मेला का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट के सीआरएम-3 विभाग में शनिवार को सुझाव मेले का आयोजन किया गया। ओद्योगिक अभियंत्रण विभाग के सहयोग से आयोजित सुझाव मेले का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक दीपक रॉय ने किया। कार्यक्रम में सीआरएम-1-3 के महा प्रबंधक अंजनी सिन्हा, सीआरएम-3 के महा प्रबंधक केके सिंह और ओद्योगिक अभियंत्रण विभाग के महा प्रबंधक हिमांशु गुप्ता शामिल थे। इस दौरान दीपक रॉय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से लागत नियंत्रण, उत्पादकता में वृद्धि, सुरक्षा में सुधार एवं अनुरक्षण के कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित अधिक सुझाव देने की अपील की। वहीं, विभागीय समन्यवक प्रबंधक निक्की गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों से अधिक से अधिक सुझाव देने का आग्रह किया। ओद्योगिक अभियंत्रण विभाग से प्रीति प्रिया ने सुझाव योजना के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दीं। कार्क्रम में लगभग 80 प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 200 से अधिक सुझाव दिए।

भाकपा-माले ने घटिया निर्माण को लेकर डीसी से की थी जांच और कार्रवाई की मांग

## निर्माणाधीन स्कूल बिल्डिंग में अनियमितता की शिकायत, जांच करने महेशलुंगी पहुंची टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



घटिया निर्माण की जांच करने पहुंचे सदर बीडीओ व अन्य।

**गिरिडीह।** महेशलुंडी हाई स्कूल के घटिया निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायत पर भाकपा माले की टीम ने खुद से जांच करने के बाद विगत दिनों गिरिडीह डीसी से शिकायत की थी। साथ ही कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद जांच कमेटी गठित की गई, जिसमें शामिल सदर बीडीओ ने शनिवार को निमार्णाधीन भवन का जायजा लिया। माले नेता राजेश यादव व स्थानीय लोगों की मौजूदगी में निर्माण करवा रहे लोगों सहित संबंधित जेई से भी फोन कर आवश्यक जानकारी ली। इस बाबत माले नेता राजेश यादव ने बताया कि इस दिन हुई जांच में भी कई चीजें उभरकर सामने आई हैं। पहले तल्ले की छत पर बने कमरों के फर्श में दरार आ गई है। शौचालय में टाइल्स लगाने की जगह सीमेंट पोत दिया गया है। खिड़की-दरवाजों में पतली शीट, एंगल और रॉड का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह निर्माण न सिर्फ घटिया, बल्कि भविष्य के लिए खतरनाक भी है। यही नहीं, शिकायत के बाद बिना जांच के काम शुरू करने पर पूछने गए स्थानीय लोगों के विरुद्ध कथित रूप से संवेदक की ओर से थाना में शिकायत भी कर दी गई है। जिसके आधार पर मुफ्फसिल थाने की पुलिस कई ग्रामीणों के घर पहुंच गई। माले नेता ने इस पूरे मामले पर उचित कार्रवाई करने की जरूरत बताते हुए घटिया निर्माण रोककर बेहतर निर्माण कराने सहित पुलिस को दिए गए झूठे आरोपों की सच्चाई का पता लगाकर वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर भाकपा माले के महेशलुंडी पंचायत प्रभारी कन्हैया सिंह, गणेश ठाकुर, दीपू मंडल, प्रकाश ठाकुर, सोनू ठाकुर, राजू साव, बंटी मंडल, अनिल ठाकुर, दिलीप ठाकुर, शुभम राय, कैलाश तुरी, अनूप ठाकुर, विवेक मंडल, विक्रम रजक, विशाल तुरी आदि मौजूद थे।

## मैथन और गलफरबाड़ी पुलिस ने प्रतिबंधित थाइ मांगुर मछली लदे ट्रकों को दबोचा



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल से झारखंड व बिहार सहित अन्य राज्यों में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली छोटे-बड़े वाहनों से खपाया जा रहा है। मैथन पुलिस ने शुक्रवार की रात 8 बजे मांगुर मछली लदे एक ट्रक को पकड़ा। वहीं गलफरबाडी पुलिस ने भी शनिवार की दोपहर मांगुर मछली लदे एक अन्य ट्रक को पकड़ा है। दोनों गाड़ियों के चालक और खलासी से पूछताछ की जा रही है। बतातें चलें कि मांगुर मछली के इस अवैध कारोबार में दो गुट शामिल हैं। दोनों कारोबार पर वर्चस्व कायम करने के लिये पैसा, पावर व पहुंच का इस्तेमाल भी करते हैं। इन्हें सत्ताधारी दल के विधायक, मंत्री व उच्च पुलिस पदाधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। सूत्रों के अनुसार रोजाना थाई मांगुर मछली लदे 30-35 ट्रक बंगाल से झारखंड में प्रवेश कराई जाती है। सिंडिकेट द्वारा प्रत्येक गाड़ी से 15 हजार रुपए वसूले जाते है। जिसमें एक हिस्सा कथित रूप से पुलिस का भी रहता है। रोज लगभग पांच लाख रुपए की वसूली होती है। लाखों की कमाई वाले इस कारोबार को कोई गुट आसानी से छोड़ने वाला नहीं है। दोनों इस धंधे पर अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

## न्यूज रील्स

### यूपी में राहुल की न्याय यात्रा से जुड़ीं प्रियंका

मुरादाबाद (आजाद सिपाही)। यूपी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरे चरण में मुरादाबाद, अमरोहा के बाद संभल पहुंची। शनिवार को राहुल के साथ प्रियंका गांधी मुरादाबाद से फतेहपुर सीकरी तक यात्रा कर रही थीं। प्रियंका गांधी को अमेठी से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने के कारण वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं। इसके बाद उन्होंने कहा था कि वह जल्दी ही यात्रा में शामिल होंगी और लोगों से मिलेंगी। मुरादाबाद में राहुल ने लोगों से पूछा, मुझे बताओ हिंदुस्तान के एयरपोर्ट किसके नाम पर हैं? हिंदुस्तान के बड़े-बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर किसको दिये जाते हैं? हिंदुस्तान के पावर प्लांट किसके हाथ में हैं? सरकार आपकी जेब काटने का काम करती है। दरअसल, 21 फरवरी को कानपुर पहुंचने के बाद यात्रा रुक गयी थी। दो दिन के ब्रेक के बाद यात्रा शनिवार 24 फरवरी को मुरादाबाद से फिर शुरू हुई। अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस से होकर यात्रा आगरा पहुंचेगी। यहां अखिलेश यादव यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद यात्रा राजस्थान में एंट्री करेगी, जहां इसके स्वागत की तैयारी की जा रही है।

## पीएम मोदी कल करेंगे 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास

# संबलपुर रेल मंडल में तैयारियां पूरी: टीके पांडे

**अमृत स्टेशन योजना के तहत 1500 रोड ओवरब्रिज, रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास और लोकार्पण भी होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडरब्रिज की आधारशिला रखने के संबंध में मीडिया को जानकारी देने के लिए शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल मोड के माध्यम से को अमृत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे और 1500 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला और लोकार्पण करेंगे। अमृत स्टेशनों के तहत संबलपुर मंडल चार स्टेशनों संबलपुर सिटी, टिटिलागढ़, केसिंगा और झारसुगुड़ा रोड स्टेशन का पुनर्विकास किया जायेगा। संबलपुर मंडल पर रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडरब्रिज की आधारशिला में महासमुंद यार्ड में आरवी-34, कांटाबांजी यार्ड में आरवी-123, गोडभागा-अतर्बिरा के बीच कोशाला स्कूल के निकट समपार गेट सं जेटी-34, देवबक्हल-बरगढ़ रोड के बीच समपार गेट सं जेटी-43 एवं लोकार्पण में समपार गेट संख्या एसटी-24, जुजोमुरा यार्ड, समपार गेट संख्या जेटी-48 बरगढ़ रोड यार्ड एवं जेटी 1 और 2 झारसुगुडा रोड यार्ड।

भारतीय रेलवे 2047 तक प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आधुनिकीकरण के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी अमृत स्टेशन योजना के तहत 554 स्टेशनों को चरण -2 में अत्याधुनिक सुविधा के साथ विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशनों के रूप मे पुनर्विकसित किया जा रहा है। इस योजना में भवन सुधार, शहर के दोनों छोरों के साथ स्टेशन को एकीकृत करना, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा की परिकल्पना की गयी है। इसमें स्टेशनों तक पहुंच में सुधार, परिचलन क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, शौचालयों, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, स्वच्छता, निःशुल्क वाइ-फाइ, एक स्टेशन एक उत्पाद, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए नामित स्थान, स्टेशनों तक पहुंच में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वयन शामिल है। प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भूनिर्माण आदि सम्मिलित है। परिसंचारी क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण को सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप माना जाता है। यहां तक कि स्थानीय जनता की राय भी लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के साथ पुनर्विकास कार्य को संरेखित करने के लिए है। न केवल ये स्टेशन क्षेत्र में आर्थिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे, बल्कि शहर को गौरवान्वित करने का काम भी करेंगे।

रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज लोगों के लिए एक सुरक्षित मार्ग प्रदान करेंगे, जिससे वे यातायात प्रवाह को बाधित किए बिना व्यस्त सड़कों या रेलवे पटरियों को पार कर सकेंगे। इसके अलावा यह रेलवे क्रॉसिंग पर दुर्घटनाओं के जोखिम को भी कम करता है। इस प्रेस वार्ता के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर आनंद सिंह सहित मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गिरिडीह लोस लाभार्थी सम्मेलन में शामिल हुए बाबूलाल और अन्नपूर्णा




कार्यक्रम को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी। साथ में हैं लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनवार।** गिरिडीह लोकसभा लाभार्थी सम्मेलन शनिवार को संपन्न हुआ। साथ-साथ आगामी एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन की तैयारी को लेकर के बैठक की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रविंद्र राय, कालीचरण सिंह, पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, नुनुलाल मरांडी, लक्ष्मण स्वर्णकार, प्रदीप साहू, अशोक उपाध्याय, महादेव दुबे, उदय सिंह, प्रणव वर्मा, नागेंद्र महतो, मुनिया देवी, छोटेलाल यादव, दिनेश यादव, निर्भय शाहाबादी समेत अनेकों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं तक प्रधानमंत्री की योजनाओं को पहुंचाना है। आगामी लोकसभा चुनाव में फिर मोदी सरकार बनानी है और एक मार्च को भारी से भारी संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा को सफल बनाना है।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, इंफाल वेस्ट में कॉलेज के बाहर ब्लास्ट, एक की मौत

**इंफाल (आजाद सिपाही)।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट के थांगमेइबैंड में डीएम कॉलेज के बाहर शुक्रवार रात करीब 9:25 बजे आइइडी विस्फोट हुआ। इसमें एक शख्स की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मरने वाले कि पहचान 24 साल के ओइनम केनेगी के रूप में हुई है। इसके अलावा शनिवार को ही इंफाल इस्ट में उपद्रवियों ने यूनाइटेड कमेटी मणिपुर एनजीओ के ऑफिस को भी जला दिया। यह घटना देर रात करीब 12.40 बजे घटी। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है। इस आगजनी से फिलहाल किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक जब यह घटना घटी तब ऑफिस खाली था।

# अप्रतिम है भाषा की ताकत: स्वामी माधवानंद

**ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'पूर्वोत्तर भारत का लोक साहित्य' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में हिंदी विभाग तथा केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के संयुक्त तत्वावधान में 'पूर्वोत्तर भारत का लोक साहित्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्‌घाटन सत्र का शुभारंभ सरस्वती पूजन, स्वागत गीत तथा अतिथियों के स्वागत सत्कार से हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी माधवानंद महाराज जी और विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो नरसिंह चरण पंडा जी उपस्थित रहे।




स्वामी माधवानंद महाराज जी ने अपने उद्‌बोधन में अध्यात्म एवं लोक साहित्य पर चर्चा की। उन्होंने भाषा की शक्ति को अप्रतिम बताया। एक सभ्य भाषा की परिकल्पना में लोक भाषा तथा समृद्ध संस्कृति के लिए लोक साहित्य के महत्वपूर्ण योगदान की बात की। साथ ही उन्होंने पूर्वोत्तर तथा भारतीय लोक भाषाओं को गरिमापूर्ण बताया। इसके पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो नरसिंह चरण पंडा ने हिंदी को संपूर्ण भारत की भाषा बनाने तथा लोक साहित्य की एक नयी परंपरा विकसित कराने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक प्रो सुनील बाबूराव कुलकर्णी ने भारतीय परंपरा में लोक की अवधारणा एवं इसके विकास पर चर्चा की। संगोष्ठी संयोजक प्रो हेमराज मीणा जी ने पूर्वोत्तर राज्यों की भाषाएं , लोकभाषाएं, लिपियां तथा उसके साहित्य पर चर्चा की। प्रो पंकज साहा ने बांग्ला लोक साहित्य तथा उसमें प्रतिवाद के स्वर पर चर्चा की। डॉ रंजन दास (क्षेत्रीय निदेशक, भुवनेश्वर) ने लोक साहित्य को एक विस्तृत परंपरा के रूप में बताया। कुलपति ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में लोक साहित्य की चर्चा करते हुए शोध विषयों के रूप में उसके महत्व को दर्शाया। संगोष्ठी संयोजक तथा विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ चक्रधर प्रधान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी के उद्‌घाटन सत्र का समापन हुआ। संगोष्ठी का द्वितीय सत्र पूर्वोत्तर तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विद्वानों के वक्तव्यों से पूर्ण रहा। इनमें मनोमाला हजारिका (जोरहाट, असम), डॉ नरसिम्हलु (आंध्रप्रदेश), डॉ चंद्रशेखर सिंह (छत्तीसगढ़), डॉ एस श्रीनिवास राव (तेलंगाना), प्रेमचंद्र उरांव (झारखंड), डॉ लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा (छत्तीसगढ़), डॉ चक्रधर प्रधान (बरगढ़, ओड़िशा), डॉ देवाशीष कर्मकार आदि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता प्रो पंकज साहा ने की। संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार सिंह ने किया। संगोष्ठी में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मयूरी मिश्रा, डॉ सौम्य रंजन दास, डॉ सुनीत पासवान तथा डॉ श्रीकांत आरले के साथ ही अन्य विभागों के प्राध्यापक गण भी उपस्थित रहे।









# आइआइटी भुवनेश्वर में पहली बार सीएसआर कॉनक्लेव 27 को

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर का सीएसआर सेल 27 फरवरी को अपना पहला सीएसआर कॉनक्लेव आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह कॉनक्लेव 'सतत प्रभाव के लिए एकजुट होना' विषय पर चर्चा करेगा। एक दिवसीय सीएसआर कॉनक्लेव में प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधियों, सीएसआर विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के मुख्य भाषण होंगे। डॉ प्रशांत कुमार होता, अध्यक्ष और समूह प्रमुख-सीएसआर, शिक्षा और प्रमुख (कॉरपोरेट संचार), जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड सुनियोजित सीएसआर पहल के माध्यम से ओड़िशा में अपनी परिधि के लोगों के विकास की दिशा में लगातार काम कर रहा है। कंपनी को हाल ही में नाबार्ड के सहयोग से एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से ओड़िशा के अंगुल में किसानों के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए जल संरक्षण और प्रबंधन की श्रेणी में सीएसआर और स्थिरता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है।




ओड़िशा सीएसआर फोरम के संयोजक बीके मिश्रा भी सम्मेलन में वक्ता के रूप में शामिल होंगे। 'सतत प्रभाव के लिए एकजुट होनाः सीएसआर पर एक कॉरपोरेट परिप्रेक्ष्य' और 'सामाजिक प्रभाव के लिए सहयोग' पर पैनल चर्चा इस कार्यक्रम का हिस्सा होगी, जिसमें सीएसआर के क्षेत्र में उद्योग के नेता और गैर सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों और सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि विचार-विमर्श करेंगे। सहयोगात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से सीएसआर के बड़े उद्देश्यों पर कॉनक्लेव में एक कार्यशाला सत्र भी होगा, जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा पेपर प्रस्तुतियाँ होंगी।

कॉनक्लेव के बारे में जानकारी देते हुए प्रोफेसर इंचार्ज, सीएसआर सेल, आइआइटी भुवनेश्वर और कार्यक्रम के संयोजक प्रो नरेश चंद्र साहू ने कहा कि सीएसआर कॉनक्लेव 2024 'यूनाइटिंग फॉर सस्टेनेबल इंपैक्ट' विषय परउद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और सीएसआर उत्साही लोगों को एकजुट होने, विचारों का आदान-प्रदान करने और सार्थक परिवर्तन लाने की दिशा में सहयोग करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। इससे उद्योग प्रतिनिधि को बदलाव लाने वालों और स्थिरता विशेषज्ञों के साथ हाथ मिलाने के लिए एक मंच मिलने की उम्मीद है।

छात्र, अनुसंधान विद्वान, उद्योग के प्रतिनिधि, चेंजमेकर्स, स्थिरता विशेषज्ञ, शिक्षाविद, सरकारी प्रतिनिधि और विशेष रूप से कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के दायरे में सकारात्मक बदलाव लाने और स्थिरता के प्रयासों को आगे बढ़ाने में रुचि रखने वाले निवेशक सीएसआर कॉनक्लेव 2024 में भाग लेंगे।

## पाक पर फिर इरान की एयर स्ट्राइक, आतंकी संगठन के कमांडर को किया ढेर

**तेहरान (एजेंसी)।** इरान ने शुक्रवार देर रात पाकिस्तान में सुन्नी आतंकी संगठन जैश-अल-अदल के ठिकानों पर हमला किया। इसमें एक कमांडर समेत कई आतंकी मारे गये। इरानी मीडिया इरान इंटरनेशनल इंग्लिश ने इरान के सरकारी मीडिया के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा कि इरान की सेना ने पाकिस्तान की सीमा में जैश-अल-अदल कमांडर इस्माइल शाहबख्श समेत कई आतंकियों को मार गिराया है। हालांकि हमला पाकिस्तान के किस शहर में किया गया, इसकी जानकारी नहीं दी गयी। इरान ने इसी तरह का हमला 16 जनवरी को भी किया था। तब इरानी सेना ने बलूचिस्तान में मिसाइलें और ड्रोन से अटैक किया था।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**